website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 87 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार, 08 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## अभ्युदय योजना का असर:

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 6 अभ्यर्थियों का चयन

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एक बार फिर शानदार परिणामों के साथ सामने आई है। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार इस योजना से जुड़े छह अभ्यर्थियों ने UPSC Civil Services Examination 2025 में सफलता हासिल की है। सरकार का कहना है कि इस योजना के जरिए मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी



के लिए बेहतर संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक समाज कल्याण विभाग द्वारा भागीदारी भवन में संचालित आवासीय कोचिंग और 'मॉक इंटरव्यू' कार्यक्रम से जुड़े इन अभ्यर्थियों ने सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इससे यह साबित होता है कि राज्य सरकार की यह पहल प्रतिभाशाली युवाओं को बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए मजबूत आधार प्रदान कर रही है। समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह के अनुसार आवासीय कोचिंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विमल कुमार ने 107वीं रैंक और विपिन देव यादव ने 316वीं रैंक हासिल की है। इसके अलावा अभ्युदय योजना के अंतर्गत आयोजित 'मॉक इंटरव्यू' कार्यक्रम में शामिल मानसी ने 444वीं, महेश जायसवाल ने 590वीं, अदिति सिंह ने 859वीं और तनीषा सिंह ने 930वीं रैंक प्राप्त की है। इन अभ्यर्थियों की सफलता पर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को भी सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और मार्गदर्शन मिल सके। सरकार के अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा भागीदारी भवन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए आवासीय कोचिंग चलाई जा रही है। यहां सिविल सेवा मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाते हैं। इन सत्रों में विषय विशेषज्ञों के साथ-साथ वरिष्ठ आईएएस और पीसीएस अधिकारी अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन देते हैं। इस कोचिंग कार्यक्रम के तहत छात्रों को निशुल्क आवास, भोजन, पुस्तकालय, अध्ययन सामग्री और ऑनलाइन-ऑफलाइन कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। सरकार का मानना है कि इस तरह की पहल से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ रहा है और प्रशासनिक सेवाओं में उत्तर प्रदेश की भागीदारी भी लगातार मजबूत हो रही है।

## संघर्षों से मुख्यमंत्री तक का सफर:

## रेखा गुप्ता ने महिलाओं को सशक्त बनने का दिया संदेश

नई दिल्ली। रेखा गुप्ता ने शनिवार को महिला बुद्धिजीवियों के राष्ट्रीय सम्मेलन 'भारती नारी से नारायणी' में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं के साहस, योगदान और बलिदान को नमन करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और




सशक्त बनने का संदेश दिया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने जीवन के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने बताया कि वह एक साधारण परिवार से आती हैं, जहां चार बहनें थीं और परिवार वैश्य समाज से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि ऐसे माहौल में एक लड़की का आगे बढ़ना आसान नहीं था, लेकिन मेहनत, हिम्मत और दृढ़ निश्चय के बल पर उन्होंने अपने जीवन में यह मुकाम हासिल किया। रेखा गुप्ता ने अपने छात्र जीवन की एक घटना याद करते हुए बताया कि जब वह कॉलेज में दाखिला लेने के लिए घर से निकलीं, तो उनके पिता ने उन्हें विशेष रूप से गर्ल्स कॉलेज में एडमिशन लेने की सलाह दी थी। अपनी सहेलियों के साथ जब वह दिल्ली विश्वविद्यालय पहुंचीं, तो वहां उन्होंने दौलतराम कॉलेज में दाखिला लिया। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें छात्रों की समस्याओं को समझने और उनके लिए काम करने की प्रेरणा मिली। इसी दौरान उन्होंने विद्यार्थी परिषद से जुड़कर छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की और आगे चलकर विश्वविद्यालय स्तर तक चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि पारंपरिक सोच वाले समाज में अक्सर लड़कियों के सपनों को सीमित कर दिया जाता है। उनकी मां भी शुरू में मानती थीं कि राजनीति और सार्वजनिक जीवन लड़कियों के लिए नहीं है, लेकिन उन्होंने इस सोच को चुनौती दी और अपनी अलग पहचान बनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने परिवारों से अपील की कि बेटियों को शिक्षा और अवसर देकर उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। रेखा गुप्ता ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें, समाज में बदलाव लाने की पहल करें और मेहनत व लगन से अपने जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल करें।

## ड्रोन, इलेक्ट्रिक मोटर युद्ध में सबको कर रहे तबाह; इस तकनीक पर चीन का दबदबा- राहुल गांधी

नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने यूक्रेन युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल की अहमियत पर बातचीत की। तिरुवनंतपुरम के टेक्नो पार्क में आईटी समुदाय के साथ इंटरैक्टिव सेशन में उन्होंने कहा, 'यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में ड्रोन की सर्कुलर मोशन से इंटरनल कम्बस्शन इंजन पूरी तरह तबाह हो रहे हैं, जबकि ईरान में सैन्य क्षेत्र बैटरी, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रिक मोटर की ओर बढ़ रहा है। इन तकनीकों पर चीन का दबदबा है, जो भारत के लिए बड़ी चुनौती है।' राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि



सही नीतियों और दूरदर्शिता के साथ भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और सर्कुलर मोशन जैसी तकनीकों में चीन से मुकाबला कर सकता है, क्योंकि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो इस बदलाव को तेजी से अपना सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि चीन ने दुनिया में एक बेहतरीन और बेजोड़ औद्योगिक उत्पादन प्रणाली विकसित की है, लेकिन यह व्यवस्था जबरदस्ती वाली और गैर-लोकतांत्रिक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चीन ने उत्पादन के क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, जबकि अमेरिका, भारत और अधिकांश दुनिया उपभोग के क्षेत्र में खेल रही है। असली रोजगार उत्पादन में हैं, न कि आईटी जैसे उपभोग वाले क्षेत्रों में। उन्होंने निराशा जताई कि भारत ने चीन को यह अवसर दे दिया।

### » तकनीकों पर चीन का दबदबा

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि चीन की यह औद्योगिक प्रणाली अद्‌त है, लेकिन उसकी जबरदस्ती और गैर-लोकतांत्रिक प्रकृति भारत को पसंद नहीं। अगर भारत लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखते हुए मजबूत औद्योगिक उत्पादन प्रणाली बना सके, तो यह भारत और पूरी दुनिया के लिए बड़ी सेवा होगी। उन्होंने यूक्रेन-रूस युद्ध और पश्चिम एशिया के संघर्षों का जिक्र करते हुए बताया कि सैन्य शक्ति अब इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी की ओर बढ़ रही है। इन तकनीकों पर चीन का प्रभुत्व है। भारत के लिए यह बड़ी चुनौती है, क्योंकि हम ही एकमात्र देश हैं जो आंतरिक दहन इंजन से इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी आधारित सर्कुलर मोबिलिटी में बड़े पैमाने पर बदलाव कर सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सही नीतियों और दूरदर्शिता के साथ भारत चीन के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में प्रतिस्पर्धा कर सकता है, जिससे लाखों नौकरियां पैदा होंगी। चीन को अभी खुला रास्ता मिला हुआ है, लेकिन भारत के उभरने से उन्हें चिंता होनी चाहिए। राहुल गांधी ने भारत में बड़े व्यवसायों पर भी सवाल उठाए, जैसे अडानी और अंबानी, जो उत्पादन नहीं करते, बल्कि ऐसे उत्पाद बेचते हैं जो स्थानीय उत्पादन को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने उत्पादन की मानसिकता विकसित करने की जरूरत बताई।

## उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर में भरा धुआं

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की लखनऊ एयरपोर्ट पर करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

यूपी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलिकॉप्टर की शनिवार को लखनऊ एयरपोर्ट में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। वह हेलिकॉप्टर से ला मार्टस् से कौशांबी जा रहे थे, तभी तकनीकी खराबी के कारण हेलिकॉप्टर के केबिन में धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत लखनऊ एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई। लैंडिंग के बाद सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लखनऊ से कौशांबी के लिए रवाना हुए थे। हेलिकॉप्टर ने जैसे ही ला मार्टिनियर ग्राउंड से उड़ान भरी, तभी पायलट को तकनीकी खराबी का अहसास हुआ। उपमुख्यमंत्री के कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर के भीतर अचानक धुआं भरने लगा, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।



### लखनऊ एयरपोर्ट पर कराई गई हेलिकॉप्टर की लैंडिंग

पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) से संपर्क किया और हेलिकॉप्टर को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया। एयरपोर्ट पर पुख्ता इंतजामों के बीच हेलीकॉप्टर की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। वही, चॉपर में सवार सभी यात्री सही सलामत हैं। इस घटना के बाद तकनीकी विशेषज्ञों की टीम हेलीकॉप्टर की जांच में जुट गई है।

## राजस्थान विधानसभा में डिस्टर्ब एरिया बिल पास, कांग्रेस का वॉकआउट



जयपुर। राजस्थान विधानसभा में डिस्टर्ब एरिया बिल ध्वनि मत पास हो गया है। शुक्रवार (6 मार्च) की देर रात तक चले सदन में बहस के बाद डिस्टर्ब एरिया बिल पास किया गया है। बिल पास होने के समय कांग्रेस के विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर लिया था। हालांकि कांग्रेस के विधायकों ने बहस में हिस्सा लिया था। कांग्रेस पार्टी ने बिल का जमकर विरोध किया था। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने सदन में बहस में हिस्सा लेते हुए कहा था कि 2028 में कांग्रेस की सरकार आने पर इस कानून को खत्म कर दिया जाएगा।

### ध्वनि मत से पारित हुई बिल

विधानसभा में 'द राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ ट्रांसफर ऑफ इम्यूवेबल प्रापर्टी एंड प्रोविजन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ टेनेंट्स फ्रॉम एविक्शन फ्राम प्रीमाइसेज इन डिस्टर्ब्ड एरियाज बिल 2026' बिल पारित किया गया। राज्य के गवर्नर की मंजूरी के बाद अब यह बिल कानून बन जाएगा। इसके तहत डिस्टर्ब एरियाज में एडीएम या एसडीएम की मंजूरी के बिना कोई भी प्रॉपर्टी ना तो खरीदी जा सकती है और ना बेची जा सकती है और ना ही उसकी रजिस्ट्री हो सकेगी।

### कांग्रेस ने बिल को लेकर लगाया आरोप

कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि कानून के बहाने धार्मिक आधार पर भेदभाव किया जाएगा। कांग्रेस के वोटों वाले इलाकों को ही डिस्टर्ब एरियाज घोषित किया जाएगा। बीजेपी के विधायक इस बिल के पास होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जता रहे हैं। कांग्रेस के तमाम आरोपों और वॉकआउट के बावजूद यह बिल विधानसभा मे पेश होने के बाद पारित हो गया है। जिसे सिर्फ राज्यपाल की मंजूरी की जरूरत है। इसके बाद यह बिल जल्द ही कानून बन जाएगा। फिलहाल बिल को लेकर पूरे प्रदेश में चर्चा जोरो पर हैं। इस बिल को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार इसके जरिए कितनी सही साबित हो सकती है।

## उत्तराखंड दौरे पर अमित शाह, सीएम धामी ने किया स्वागत



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे। देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद अमित शाह हेलीकॉप्टर से हरिद्वार के लिए रवाना हुए, जहां वे बैरागी कैंप मैदान में आयोजित राज्य सरकार के "4 साल बेमिसाल" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार अपनी चार साल की उपलब्धियां जनता के सामने रख रही है। सभा को लेकर प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में साधु-संत भी मौजूद रहे।

## रायसीना डायलॉग में जयशंकर का बड़ा बयान:

## मुश्किल में फंसे ईरानी जहाज को भारत ने मानवीय आधार पर दी मदद

नई दिल्ली । नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग 2026 के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हिंद महासागर की बदलती स्थिति, अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून और हाल ही में एक ईरानी जहाज को भारत में प्रवेश देने के फैसले पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ने इस पूरे मामले में कानूनी पहलुओं के साथ-साथ मानवीय दृष्टिकोण को भी प्राथमिकता दी। जयशंकर ने बताया कि ईरान की ओर से भारत को संदेश मिला था कि उनका एक जहाज, जो उस समय भारत की समुद्री सीमा के करीब था, तकनीकी और परिचालन संबंधी समस्याओं का सामना कर रहा है और उसे किसी सुरक्षित बंदरगाह की जरूरत है। इस अनुरोध को देखते हुए भारत ने स्थिति की समीक्षा की और 1 मार्च को उस जहाज को भारतीय बंदरगाह में आने की अनुमति दे दी। विदेश मंत्री के अनुसार जहाज को भारत तक पहुंचने में कुछ दिन लगे और बाद में वह केरल के कोच्चि बंदरगाह पर आकर सुरक्षित रूप से रुक गया। उन्होंने बताया कि जहाज पर कई युवा प्रशिक्षु कैडेट भी मौजूद थे, जो एक मिशन के तहत समुद्री यात्रा पर निकले थे। जब जहाज रवाना हुआ था तब हालात सामान्य थे, लेकिन रास्ते में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां तेजी से बदल गईं, जिसके कारण जहाज मुश्किल स्थिति




में फंस गया। जयशंकर ने कहा कि यह जहाज एक नौसैनिक बेड़े की समीक्षा कार्यक्रम में भाग लेने जा रहा था, लेकिन अचानक बदले हालात के कारण उसे सुरक्षित जगह की जरूरत पड़ गई। उन्होंने कहा कि भारत ने इस पूरे मामले को मानवीय दृष्टिकोण से देखा और उसी आधार पर निर्णय लिया। उनके मुताबिक संकट की स्थिति में फंसे लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी था और भारत ने वही किया जो सही था। विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का सम्मान करता है। उन्होंने सामाजिक माध्यमों पर चल रही बहस का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों को हिंद महासागर की वास्तविक भू-राजनीतिक स्थिति को समझने की जरूरत है। जयशंकर ने बताया कि हिंद महासागर क्षेत्र में कई देशों की सैन्य और सामरिक मौजूदगी लंबे समय से रही है। उदाहरण के तौर पर डिएगो गार्सिया पिछले करीब पांच दशकों से एक महत्वपूर्ण सैन्य ठिकाने के रूप में मौजूद है। इसके अलावा जिबूती में विदेशी सैन्य बलों की तैनाती इस सदी के शुरुआती वर्षों में शुरू हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह का विकास भी इसी दौर में हुआ था। उनके अनुसार हिंद महासागर क्षेत्र में कई देशों की गतिविधियां वर्षों से चल रही हैं, इसलिए इस क्षेत्र की स्थिति को समझने के लिए संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण अपनाना बेहद जरूरी है।

## यूपी पुलिस के दो आईपीएस अधिकारी करेंगे शादी

## बरेली की एसपी अंशिका वर्मा बनेंगी संभल के एसपी केके बिश्नोई की जीवनसाथी

बरेली/संभल। यूपी पुलिस के दो आईपीएस अधिकारी जल्द ही जीवनसाथी बनने जा रहे हैं। संभल के पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई और बरेली की एसपी अंशिका वर्मा 28 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। शादी से जुड़े सभी कार्यक्रम राजस्थान में आयोजित किए जाएंगे। दोनों अधिकारियों के परिवार और करीबी रिश्तेदार इस समारोह में शामिल होंगे। शादी की रस्में 27 मार्च को राजस्थान के बाड़मेर जिले के धोरीमना गांव में हल्दी और संगीत समारोह के साथ शुरू होंगी। इसके अगले दिन 28 मार्च को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दोनों की शादी होगी। वहीं 30 मार्च को जोधपुर के लारिया रिसोर्ट में रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा, जिसमें पुलिस विभाग के कई अधिकारी और अन्य मेहमान शामिल होने की संभावना है।

### प्यार में बदली दोस्ती, अब बनेंगे जीवनसाथी

केके बिश्नोई और अंशिका वर्मा की पहली मुलाकात वर्ष 2021 में गोरखपुर में पोस्टिंग के दौरान हुई थी। उस समय केके बिश्नोई वहां एसपी सिटी के पद पर तैनात थे, जबकि अंशिका वर्मा अंडर ट्रेनिंग आईपीएस अधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। इसी दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई और धीरे-धीरे यह रिश्ता प्यार में बदल गया। अब दोनों अपने रिश्ते को शादी का नाम देने जा रहे हैं।

### कौन हैं केके बिश्नोई?

केके बिश्नोई उत्तर प्रदेश कैडर के 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में संभल जिले में एसपी के पद पर तैनात हैं। वह मूल रूप से राजस्थान के बाड़मेर जिले के धोरीमना गांव के रहने वाले हैं। उनका जन्म एक किसान



परिवार में हुआ और वे छह भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज से वर्ष 2013 में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद फ्रांस सरकार की करीब 40 लाख रुपये की स्कॉलरशिप पर पेरिस स्कूल ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स से अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में मास्टर डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में रिसर्च की और संयुक्त राष्ट्र के ट्रेड सेंटर में सलाहकार के रूप में भी कार्य किया। बाद में उन्होंने यूपीएससी की तैयारी की और दूसरे प्रयास में परीक्षा पास कर 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी बने।

### कौन हैं आंशिका वर्मा ?

वहीं अंशिका वर्मा 2021 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में बरेली में एसपी के पद पर तैनात हैं। वह प्रयागराज के सिविल लाइन क्षेत्र की रहने वाली हैं। उन्होंने नोएडा से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई पूरी की है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के दूसरे प्रयास में उन्होंने 136वीं रैंक हासिल कर आईपीएस सेवा में जगह बनाई। अंशिका वर्मा सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय हैं। इंस्टाग्राम पर उनके छह लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। हाल ही में होली के मौके पर दोनों अधिकारियों के डांस के वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए थे, जिसके बाद दोनों की चर्चा और बढ़ गई।

## चीन और पाकिस्तान के बाद अब बंगाल की खाड़ी में बना नया मोर्चा

### भारत के लिए समुद्र में 'ट्रिपल' खतरा, तीन ओर घेर रहा है ड्रैगन

**नई दिल्ली/बीजिंग (एजेंसी)।** ताइवान पर हमला करने से पहले क्या चीन भारत को कई मोर्चों पर उलझाना चाहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीन जानता है कि ताइवान पर हमले के वक्त उसके लिए सबसे बड़ा खतरा भारत से होगा। चीन जानता है कि उसके लिए सबसे ज्यादा खतरा पैदा करने की क्षमता अमेरिका की नहीं बल्कि भारत की है। इसलिए वो भारत को हिमालय से लेकर नीचे समंदर तक उलझाना चाहता है। हिमालय में चीन ऐसा



पाकिस्तान के साथ कर रहा है जबकि समंदर में वो बांग्लादेश और मालदीव जैसे देशों के साथ कर रहा है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के संबंध फिर से बनाने शुरू कर दिए हैं और चीन इसमें एक भूमिका निभा रहा है। इससे भारत के लिए सिर्फ चीन और पाकिस्तान के मोर्चे पर नहीं, बल्कि तीसरे बांग्लादेश के मोर्चे पर भी उलझने की खतरा बढ़ गया है। ऐसे में सिर्फ हिंद महासागर नहीं बल्कि बंगाल भी खाड़ी भारत के लिए काफी ज्यादा अहम हो गया है।

## भारत में रसोई गैस का संकट, इमरजेंसी लागू

● ईरान-इजराइल जंग बढ़ी तो किल्लत होगी, 40 फीसदी सप्लाई रुकी ● सरकार ने सभी तेल कंपनियों को प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान-इजराइल जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत भी बढ़ेगी। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर का यूज करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी का उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सप्लाई चेन में रुकावट की वजह से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने गुरुवार देर रात आदेश जारी किया। इस आदेश में कहा गया है कि अब रिफाइनरी कंपनियां अपने पास मौजूद प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। यानी इन गैसों का उपयोग किसी और काम में नहीं किया जाएगा। आदेश के मुताबिक, सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन



की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम को करनी होगी। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि देश के लगभग 33.2 करोड़ एक्टिव एलपीजी कंज्यूमर्स यानी उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के गैस सिलेंडर मिलते रहें। सरकार के इस फैसले का सीधा असर प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों खासकर रिलायंस इंडस्ट्रीज पर पड़ सकता है। प्रोपेन और ब्यूटेन का डायवर्जन होने से अल्काइलेट्स के प्रोडक्शन में कमी आएगी, जिसका इस्तेमाल पेट्रोल की ग्रेडिंग सुधारने में किया जाता है। पिछले साल रिलायंस ने हर महीने एवरेज चार अल्काइलेट्स कार्गो एक्सपोर्ट किए थे। इसके अलावा सरकार ने रिफाइनर्स को यह भी साफ कर दिया है कि वे फिलहाल पेट्रोकेमिकल प्रोडक्शन के लिए इन गैसों का इस्तेमाल न करें। कंपनियों के मार्जिन पर असर पड़ेगा।

# सावधान: क्या एआई-कॉन्टेंट आपके बच्चे के दिमाग को 'री-वायर' कर रहा है?

## वैज्ञानिकों का खुलासा: 30 सेकंड के एआई वीडियो बच्चों की मौलिक सोच को कर रहे हैं खत्म; वास्तविकता और कल्पना के बीच का अंतर मिटने से बढ़ रहा है 'कॉग्निटिव डिसोनेंस' का खतरा



जयपुर | रॉयल पत्रिका इन्वेस्टिगेशन डेस्कआज के दौर में स्मार्टफोन बच्चों का नया 'डिजिटल बेबीसिटर' बन चुका है। यूट्यूब पर चलते रंगीन एआई (AI) वीडियो माता-पिताओं को सुकून देते हैं कि उनका बच्चा कुछ सीख रहा है, लेकिन पर्दे के पीछे की सच्चाई डरावनी है। दुनिया भर के न्यूरोलॉजिस्ट और बाल व्यवहार विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि एआई-जनरेटेड कॉन्टेंट बच्चों के सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के बजाय उनके 'न्यूरोलॉजिकल ब्लूप्रिंट' (दिमागी ढांचे) को स्थायी रूप से बिगाड़ रहा है।एआई का 'असली दिखने वाला झूठ' और विकसित होता दिमागछोटे बच्चों का दिमाग एक कोरी स्लेट की तरह होता है, जो अपने आस-पास की चीजों को देखकर वास्तविकता (Reality) का आधार बनाता है। जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी की रिसर्चर मैककाल बूथ के अनुसार, एआई द्वारा बनाए गए जानवरों और किरदारों के वीडियो अक्सर 'अति-वास्तविक' (Hyper-re-alistic) दिखते हैं, लेकिन उनमें प्राकृतिक भौतिकी (Physics) और तर्क की कमी होती है।जब बच्चा लगातार ऐसी गतिविधियों को देखता है जो असल दुनिया में असंभव हैं (जैसे उड़ने वाले हाथी या विकृत चेहरे), तो उसका दिमाग 'इम्पॉसिबल रियलिटी' के अनुकूल होने लगता है।

इसका नतीजा यह होता है कि भविष्य में ये बच्चे 'डीपफेक' और असली सूचनाओं के बीच अंतर करने की क्षमता खो सकते हैं।30 सेकंड का 'डोपामाइन लूप' और घटता अटेंशन स्पैनमिशिगन यूनिवर्सिटी की डॉ. जेनी राडेस्की ने एक गंभीर समस्या की ओर इशारा किया है—'शॉर्ट-फॉर्म कॉन्टेंट'। एआई टूल्स से बने अधिकांश वीडियो 30 से 60 सेकंड के होते हैं।त्वरित संतुष्टि: ये वीडियो दिमाग में डोपामाइन का स्तर अचानक बढ़ा देते हैं, जिससे बच्चों को तुरंत खुशी मिलती है।

सोचने की फुर्सत नहीं: छोटे अंतराल के कारण बच्चे को यह सोचने का समय ही नहीं मिलता कि उसने क्या देखा। इससे उसकी 'क्रिटिकल थिंकिंग' (तार्किक सोच) का विकास रुक जाता है।ध्यान की कमी: शोध बताते हैं कि जो बच्चे बचपन में अत्यधिक शॉर्ट वीडियो देखते हैं, उन्हें स्कूल में लंबी किताबों या पाठों पर ध्यान केंद्रित करने में भारी मुश्किल आती है।विकृत दृश्य और मानसिक तनाव (The Uncanny Valley Effect)कई एआई वीडियो में इंसानी चेहरों या जानवरों के अंगों में तकनीकी खराबी (Glitches) होती है—जैसे अतिरिक्त उंगलियां या आंखों का अजीब हिलना।

बड़े इसे तकनीकी चूक मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन बच्चों के अवचेतन मन पर यह 'डरावना' प्रभाव डालता है। इसे विज्ञान में 'अनकैनी वैली' प्रभाव कहा जाता है, जो बच्चों में बिना वजह के डर, चिड़चिड़ेपन और रात में बुरे सपने आने की वजह बन सकता है।विशेषज्ञों का 'एक्शन प्लान': बच्चों को कैसे बचाएं?अमेरिकन पीडियाट्रिक्स अकादमी और स्थानीय विशेषज्ञों ने माता-पिता के लिए एक 'डिजिटल सुरक्षा कवच' तैयार किया है:क्या करें?क्या न करें?सह-दर्शन (Co-viewing): बच्चे के साथ बैठकर वीडियो देखें और सवाल पूछें।अकेले स्क्रीन न दें: बच्चे को फोन देकर अपना काम करने की आदत बदलें।प्रमाणित स्रोत: केवल नेशनल जियोग्राफिक या डिस्कवरी जैसे प्रमाणित चैनल्स दिखाएं।

एआई शॉर्ट्स से बचें: टिकटॉक या यूट्यूब शॉर्ट्स पर चल रहे एआई ट्रेंड्स से दूर रखें।सक्रिय खेल: स्क्रीन टाइम के बदले मिट्टी, रंगों और खिलौनों के साथ खेलने को बढ़ावा दें।भोजन के समय नो स्क्रीन: खाते समय वीडियो दिखाने से पाचन और दिमाग दोनों पर बुरा असर पड़ता है।भविष्य की चुनौती: पहचान का संकटयदि एआई-निर्मित कॉन्टेंट पर नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो आने वाली पीढ़ी एक ऐसे 'डिजिटल भ्रम' में बड़ी होगी जहाँ उन्हें सच और झूठ का फर्क ही नहीं पता होगा। विशेषज्ञों का मत है कि तकनीक बुरी नहीं है, लेकिन बच्चों के कोमल दिमाग पर इसका प्रयोग उन्हें 'मशीनी सोच' की ओर धकेल रहा है।

संपादकीय टिप्पणी: रॉयल पत्रिका अपने पाठकों से अपील करती है कि तकनीक को सुविधा बनाएं, संस्कार नहीं। अपने बच्चे के बचपन को एआई की कृत्रिम दुनिया से निकाल कर असलियत की धूप और छांव का अनुभव कराएं।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### नीतीश का अप्रत्याशित कदम

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

## जयंती विशेष

श्वेता गोयल



### छत्रपति शिवाजी : दुर्गों के सम्राट, जनमन के देवता

भारतीय इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था। उन्होंने दासता की बेड़ियों को काटकर आने वाली पीढ़ियों के मानस में आत्मसम्मान और राष्ट्रवाद का वह अक्षय दीप प्रज्ज्वलित किया, जो आज भी अडिग है। भारतीय परंपरा में महापुरुषों की जयंती अक्सर हिंदू पंचांग की तिथि के अनुसार भी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार शिवाजी महाराज का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 6 मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर 6 मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहीं है, बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है। शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था। किशोरावस्था में ही शिवाजी ने यह समझ लिया था कि विदेशी और अन्यायपूर्ण शासन के अधीन रहकर जनकल्याण संभव नहीं। मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया। 1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1674 में रायगढ़ किले में उनका भव्य राज्याभिषेक हुआ और वे 'छत्रपति' की उपाधि से अलंकृत हुए। यह केवल एक राजतिलक नहीं था बल्कि पराधीन मानसिकता के विरुद्ध स्वतंत्रता का औपचारिक उद्घोष था। आज जब हम शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हैं तो यह केवल अतीत की वीरता को दोहराने का क्षण नहीं है बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए दिशा ग्रहण करने का अवसर है। शिवाजी महाराज का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां भी महान नेतृत्व को जन्म दे सकती हैं और स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं बल्कि सांस्कृतिक आत्मगौरव और नैतिक साहस का नाम है तथा सच्चा शासक वही है, जो अपनी प्रजा के सुख-दुख को अपना समझे। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन भारतीय अस्मिता का अमर प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व इतिहास के पृष्ठों में सीमित नहीं है बल्कि जनमानस में जीवंत है।

(लेखिका शिक्षका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग बहुमूल्य उपहार



संकलित

दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए। बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान



संकलित

प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत खुश था। बोला, अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया, उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बजट में महंगाई को तवज्जो नहीं

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने प्रदेश के बजट में महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए महिला कल्याण के लिए 28,183 .06 करोड़ आवंटित किए हैं। हालांकि, इस बजट में महंगाई व रसोई को तवज्जो नहीं दी गई, जबकि यह अत्यंत जरूरी था। बजट में महंगाई पर लगाम लगाए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रसोई गैस व अन्य सामग्री सस्ती करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। रही बात, महिला सशक्तीकरण की तो वह योजनाएं धरातल पर उतरने पर ही इनकी सार्थकता है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ रोजगार के भी प्रावधान जरूरी हैं। इस मामले में नए महिला थाने व एंटी टेररिस्ट स्क्वायड में महिला कमांडो को शामिल करना सराहनीय कदम है।

–रूहिश, रोहतक

## करंट अफेयर

### युद्ध से इज़राइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर का नुकसान



**यरुशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण आर्थिक गतिविधियों पर मौजूदा प्रतिबंधों के चलते इजराइल को हर सप्ताह लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब तीन अरब अमेरिकी डॉलर) का नुकसान होने की संभावना है। इजराइली वित्त मंत्रालय ने यह चेतावनी दी है। "टाइम्स ऑफ इजराइल" की एक खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को भेजे पत्र में आर्थिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का आग्रह किया है ताकि बृहस्पतिवार से कारोबार और कार्यस्थलों को आंशिक रूप से चरणबद्ध तरीके से खोला जा सके। रोम ने पत्र में कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के अनुरूप रक्षा नीति बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था को बंद रखने से भारी आर्थिक लागत उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाधान खोजने की जरूरत है जो घरेलू सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की जरूरतों को भी ध्यान में रखे। रोम ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी और युद्ध के प्रभावों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पहले ही भारी आर्थिक दबाव झेल रही है। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान शुरू किए जाने के तुरंत बाद इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे।

## ऑफ बीट

### अमेरिका में पहली बार गांधी की प्रतिमा का अनावरण



**न्यूयॉर्क/सिएटल।** अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं। मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर इस आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को उपहार स्वरूप प्रदान करने के लिए वाणिज्य दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया। इस कार्यक्रम में मोंटाना राज्य के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें मोंटाना विश्वविद्यालय के संकाय और छात्र, साथ ही 'मोंटाना वर्ल्ड अफेयर्स काउंसिल' के सदस्य शामिल थे। बाद में शाम में मोंटाना विश्वविद्यालय के छात्रों ने भारत के रंगों के त्योहार - 'होली' को मनाने वाले एक अन्य अनूठे कार्यक्रम में भाग लिया।

## ट्रेंड

### भारत-यूरोप संबंध



आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर वेस्ट एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं।

**- किरण रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री**

### फिनलैंड से समझौता



फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। दोनों देशों के इनोवेशन इकोसिस्टम को जोड़ने के लिए आज हमने फिनलैंड के साथ एक व्यापक प्रवासन और गतिशीलता समझौता किया है।

**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### तेल आपूर्ति खतरे में



भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40% से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### कांग्रेस ने वादे नहीं निभाए



कांग्रेस ने 2024 में भी संभावित प्रत्याशियों से पैसे लिए और टिकट न मिलने पर कई के पैसे वापस नहीं किए। इस बार भी वही खेल दोहराया जा रहा है। जो पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं से किए वादे नहीं निभा पाती, वह जनता की उम्मीदें को कैसे पूरा करेगी?

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

रॉयल पत्रिका

# कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट शिलान्यास समारोह

## -मुख्यमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ने कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का किया शिलान्यास

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट शिलान्यास समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह अजमेर की धरती से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया था। इसी कार्यक्रम में राजस्थान के 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे थे। उन्होंने कहा कि अब कोटा से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को शुरू करने का अवसर मिला है। एक ही सप्ताह में राजस्थान में विकास के दो बड़े कार्यक्रमों का होना बड़ा संदेश है।

**कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट हाड़ौती क्षेत्र के विकास को देगा नई गति - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

मोदी ने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, किसानों व माता-बहनों के लिए योजनाओं पर राजस्थान में तेजी से काम हो रहा है। आज का दिन कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ सहित पूरे हाड़ौती क्षेत्र के लिए एक नई आशा और एक नई उपलब्धि का दिन है। डेढ़ हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहा कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के विकास को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि नवंबर 2023 में कोटा की जनता से वादा किया था कि यहां बनने वाले एयरपोर्ट को साकार करके दिखाया जाएगा। अब तक कोटा के लोगों को जयपुर या जोधपुर से फ्लाइट लेनी पड़ती थी। इसमें समय लगता था और असुविधा भी होती थी, लेकिन अब स्थिति बदलने जा रही है। जब यह एयरपोर्ट शुरू होगा तो कोटा समेत आस-पास के पूरे इलाके में यात्रा भी आसान होगी और व्यापार भी बढ़ेगा।

**नवीन एयरपोर्ट संभावनाओं को बढ़ाने वाला-**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोटा केवल शिक्षा का ही नहीं, बल्कि ऊर्जा का भी बड़ा केन्द्र है। कोटा में न्यूक्लियर, कोयला, गैस सहित पानी से बिजली का उत्पादन होता है। हाड़ौती की यह धरती अपनी धरोहरों के लिए भी प्रसिद्ध है। कोटा कचौरी का जायका, कोटा डोरिया के साथ ही कोटा स्टोन एवं सेंड स्टोन की चमक ने




दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यहां के धनिया, बूंदी के बासमती चावल की महक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंची है। यह क्षेत्र अपने परिश्रम, उत्पादन और संभावनाओं के लिए जाना जाता है। कोटा का नया एयरपोर्ट यहां की संभावनाओं को बढ़ाने का काम करेगा।

**हाड़ौती की धरती उद्यम एवं आस्था का केन्द्र-**

मोदी ने कहा कि कोटा और हाड़ौती की धरती उद्यम और आस्था का भी केन्द्र है। सदियों से देश-दुनिया के श्रद्धालु श्री मथुराधीश जी की पावन पीठ, केशवरायपाटन के तीर्थ, खड़े गणेश जी और गोदावरी बालाजी धाम के दर्शन के लिए आते रहते हैं। गरड़िया महादेव से दिखने वाला चंबल का दृश्य मंत्रमुग्ध कर देता है। मुकुंदरा हिल्स और रामगढ़ विषधारी जैसे वन्यजीव अभयारण्य इस पूरे क्षेत्र को वाइल्ड लाइफ टूरिज्म का बड़ा केन्द्र बनाते हैं। हवाई कनेक्टिविटी बढ़ने से देश-दुनिया के पर्यटक यहां आएंगे। इसका सीधा लाभ यहां के युवाओं, व्यापारियों और अर्थव्यवस्था को मिलेगा।

**कोटा बनेगा एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री का बड़ा केन्द्र-**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोटा कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सभी दिशाओं में आगे बढ़ रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोटा के दोनों प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे कोटा-बूंदी से गुजर रहा है। अब दिल्ली, वडोदरा और मुंबई जैसे बड़े शहरों की दूरी महज कुछ घंटों की रह गई है। बेहतर सड़क और रेल कनेक्टिविटी के कारण यहां नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं। विशेष रूप से एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री के लिए यह क्षेत्र बड़ा केन्द्र बनेगा। रेल और सड़क के बाद हवाई कनेक्टिविटी का नया अध्याय कोटा के विकास को गति देगा। कोटा एयरपोर्ट पूरे हाड़ौती क्षेत्र और आसपास के जिलों के लिए प्रगति के नए अवसर लेकर आएगा।

**अब एयरपोर्ट्स की संख्या 160 से अधिक-**

मोदी ने कहा कि जब कनेक्टिविटी बढ़ती है तो विकास की संभावनाओं में नई तेजी आती है। पिछले 11 वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में बने एयरपोर्ट्स ने विकास को नई गति दी है। वर्ष 2014 से पहले देश में करीब 70 एयरपोर्ट ही बने थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 160 से ज्यादा हो गई है। नए एयरपोर्ट्स ने हवाई यात्रा को आसान बनाया है। पर्यटन को बढ़ावा दिया है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं तथा क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार दी है। दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों में नए एयरपोर्ट्स शुरू हुए हैं। हिसार, हिंडन, जेवर में नया एयरपोर्ट बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब राज्य सरकार और केन्द्र सरकार मिलकर कार्य करती है, नीयत साफ होती है और संकल्प मजबूत होता है, तब विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाती है। आज राजस्थान में यही हो रहा है। विकसित राजस्थान की मजबूत नींव विकसित भारत के संकल्प को ताकत दे रही है।

# समर्पण संस्था का 16 वाँ विशाल रक्तदान शिविर 15 मार्च को

## -बैठक में संस्था पदाधिकारियों ने किया पोस्टर का विमोचन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा 16वाँ विशाल रक्तदान शिविर रविवार, 15 मार्च 2026 को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक मल्टी परपज हॉल, रावत पब्लिक स्कूल, सेक्टर-17, हल्दीघाटी मार्ग, मेवाड़ अपार्टमेंट के सामने, प्रताप नगर, सांगानेर में लगाया जाएगा।




संस्था द्वारा शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिए सवाई मानसिंह चिकित्सालय ब्लड बैंक, राजकीय जयपुरिया हॉस्पिटल ब्लड बैंक, तथा स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की चिकित्सक टीमों को आमन्त्रित किया गया है ।

समर्पण संस्था गत 16 वर्षों से निरंतर मानव कल्याण, शिक्षा सहायता, रक्तदान, नेत्रदान, देहदान जागरूकता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। संस्था द्वारा अब तक 15 रक्तदान शिविरों में 1455 यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया जा चुका है । संस्था के प्रयासों से हजारों जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिला है तथा समाज में रक्तदान की भावना को मजबूत किया गया है।

इस 16वें विशाल रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए संस्था कार्यालय में सदस्यों की मीटिंग का आयोजन किया गया । इस शिविर को सफल बनाने के लिए संस्था द्वारा 27 रक्तदाता प्रेरक (मोटिवेटर) नियुक्त किए गए हैं। ये प्रेरक अपने स्तर पर अधिक से अधिक स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रेरित करेंगे।

संस्था का उद्देश्य इस शिविर में पिछले रिकॉर्ड से अधिक यूनिट रक्त एकत्र करना है ताकि जयपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। शिविर में योग्य रक्तदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी। रक्तदान करने वाले प्रत्येक स्वयंसेवक को प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाएगा, जो उनकी इस नेक कार्य के लिए सम्मान का प्रतीक होगा।

समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने सभी जयपुरवासियों, युवाओं, छात्रों, कर्मचारियों, व्यवसायियों एवं समाजसेवियों से अपील की है कि वे इस नेक कार्य में भाग लेकर रक्तदान करें और किसी एक जीवन को बचाने में सहयोग प्रदान करें।रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो बिना किसी खर्च के किसी की जान बचा सकता है।

तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सेवानिवृत्त आईआरएस सी. एल. वर्मा, सचिव कमल नयन खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष हीरालाल बैरवा, श्रीमती नीरू शर्मा, मोहन मेहरा, राम स्वरूप महावर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे ।

# जयपुर पुलिस आयुक्त ने विद्याधरनगर थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने शनिवार को विद्याधरनगर थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर द्वितीय बजरंग सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर एवं कोतवाली व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट




सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान शास्त्रीनगर सर्किल के शास्त्रीनगर विद्याधर नगर एवं भट्टाबस्ती के थानों के साथ कोतवाली सर्किल के कोतवाली,जालूपूरा,संजय सर्किल एवं नाहरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाता है। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया जाता है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस आयुक्त द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर एवं पुलिस थाना शिप्रापथ में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# जान हथेली पर रखकर अंधेरे घरों को रोशन करते हैं लाइनमैन - कुमावत



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विद्त वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपूर के कनिष्ठ अभियंता (वि) राकेश कुमावत ने लाइनमैनों को लाइनमैन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सर्दी, गर्मी, बरसात पूरे साल लाइनमैन अपनी जान को हथेली पर रखकर अंधेरे घरों को रोशन करते हैं। कुमावत ने कहा कि लाइनमैनों को अक्सर काम के बोझ और उपभोक्ताओं के बार-बार फोन आते रहने से ध्यान हट जाता है, जिससे दुर्घटनाएं घट जाती हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से संयम से काम लेने की अपील की और कहा कि लाइन कटते ही बार-बार फोन न करें। कुमावत ने लाइनमैनों की कठिनाइयों को बताते हुए कहा कि सर्दी में हाथ-पैर ठिठुरते रहते हैं, गर्मी में झुलसा देने वाली सूर्य की तपिश को झेलते हुए कार्य करते हैं, और बरसात में भीगते हुए कार्य करते हैं। अब्दुल अजीज लोहानी ने कहा कि ऐसे में लाइनमैन का तनाव और बढ़ जाता है। लोहानी ने उपभोक्ताओं से समय पर विद्त बिल जमा करवाने और लाइनमैनों के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा, "सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। हमें लाइनमैनों के साथ सहयोग करना चाहिए और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।" इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता (वितरण) मनोहरपूर राकेश कुमावत ने कर्मचारी नेता मुकेश कुमार नटवाड़िया, कर्मचारी नेता ओम प्रकाश चौधरी, कर्मचारी नेता पप्पू राम गुर्जर, एफआरटी कर्मी सुरेंद्र कुमार सैनी, एफआरटी कर्मी अक्षय कुमार 33 / 11 केवी जीएसएस को बेहतरीन तरीके से संभालने वाले ओम प्रकाश सैनी व गिरिराज सैनी आदि को सम्मानित किया।

# नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने ली मैराथन बैठक

## -स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दिये आवष्यक दिषा-निर्देष

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शनिवार को नगर निगम मुख्यालय पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के संबंध में सभी जोन एवं मुख्यालय उपायुक्तों, अधिशाषी अभियंताओं, एवं अन्य अधिकारियों की मैराथन बैठक ली। 4 घंटे से भी अधिक चली इस मैराथन बैठक में पीपीटी के माध्यम से बिंदुवार स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े हुए सभी बिंदुओं पर संबंधित अधिकारी के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विजीबल क्लीनेस, सीएनडी वेस्ट, स्ट्रीट लाईट, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध की जाने वाली कार्रवाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, उद्यानों की सफाई एवं रख-रखाव, निर्माणाधीन मकानों पर ग्रीननेट, रेड स्पॉट, येलो स्पॉट की सफाई, स्ट्रीट वेंडिंग जोन में कचरा पात्र रखने संबंधी अन्य बिन्दओं पर विस्तृत चर्चा की गई। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहर को बेहतर रैंक मिल सके इसके लिए सभी को समन्वय के साथ धरातल पर प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को मॉटिवेट करते हुये कहा कि सभी अधिकारी दिये गये कार्यो को बेहतर तरीके से करे जिससे रिजल्ट भी बेहतरीन होगा। आयुक्त ने सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट हब, कामर्षियल स्थानों पर डस्टबिन की व्यवस्था, निर्माणाधीन मकानों पर जहां भी ग्रीन नेट ना हो उन पर सख्त कार्रवाई करने तथा अवैध, अस्थाई अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ शहर की स्वच्छता व सौन्दर्यकरण पर फोकस होकर कार्य करने के निर्देष दिये। कमर्शियल एरिया, बैकलेइन, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, टूरिस्ट एरिया, मॉन्यूमेंट्स रेजिडेंशियल एरिया पर विजिबल क्लीनलीनेस आवश्यक रूप से



होनी चाहिए। सफाई कर्मचारी प्रॉपर ड्रेस में हो एवं उनके पास आईडी कार्ड हो, किसी भी जोन में ओपन कचरा डिपो नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए, यदि कोई भी सफाई कर्मचारी ठीक प्रकार से कार्य नहीं करें तो उस पर सख्त कार्यवाही की जाए। गौरतलब है कि नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले 25 से भी अधिक सफाई कर्मचारियों को 17 सीसी चार्टशीट जारी की जा चुकी है। आयुक्त ने सभी जोन उपायुक्तों को निर्देष दिये कि यदि कोई भी सफाई कार्मिक शहर की सफाई कार्य में लापरवाही बरतता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाये। आयुक्त ने सभी को साफ लहजे में कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, स्ट्रीट वेंडिंग जोन में दुकानों पर कचरा पात्र आवश्यक रूप से हो एवं वे कचरा पात्र ढके हुए हो यह भी सुनिश्चित किया जाए जो भी दुकानदार खुले में कचरा फेंकता पाया जाता है या गंदगी करते हुए पाया जाता है उसे पर भारी चालान किया जाए। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार बंसल, उपायुक्त स्वास्थ्य प्रवीण कुमार एवं ओम प्रकाष थानवी, वित्तीय सलाहकार, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता सहित जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त, जोन अधिषाषी अभियन्ता मौजूद रहे।

# प्री-पैकेज्ड वस्तुओं में कम तौल पर कार्रवाई, 26 फर्मों से 2.78 लाख रुपये जुर्माना वसूला

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा पैकेज्ड कमोडिटी रूल्स, 2011 के अंतर्गत प्रि- पैकेज्ड वस्तुओं में उपभोक्ताओ को पूरा तौल मिलना सुनिश्चित किए जाने हेतु प्रदेश की मसाले, तेल, आटा, नमकीन, डेयरीक्रीम, दूध, चायपत्ती आदि उत्पाद प्रीपैक करने वाले मैन्युफैक्चरर पैकर फ़र्मो पर नेट कंटेंट के परिपेक्ष्य में प्रदेश में कुल 26 निरीक्षण किये गये। विधिक मापविज्ञान अधिनियम - 2009 एवं डिब्बा बन्द वस्तुएँ नियम-2011 के अन्तर्गत 26 फर्मों पर निरीक्षण कारवाई की गई। जिनमें से पैकेज्ड कमोडिटी नियम, 2011 के तहत तथा सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये जाने पर फर्मो पर प्रकरण दर्ज कर फर्मो के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाकर 278500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।



डिब्बा बंद वस्तुएं नियम के तहत फर्मो के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस निरीक्षणों का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिये प्रेरित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में सूचित किये जाने तथा उपभोक्ता हितों का संरक्षण करना है। किसी भी प्रकार की सेवा एवं वस्तुएं जो राशी देकर प्राप्त की गई है, उन सेवाओं और वस्तुओं की शुद्धता, गुणवता, मानक, मात्रा एवं सही माप तौल उपभोक्ता का विधिक अधिकार है इन अधिकारों के उल्लंघन पर उपभोक्ता, उपभोक्ता मामले विभाग को शिकायत कर सकता है। राज्य उपभोक्ता हैल्पलाइन नं. 18001806030 एवं 14435 एवं वाट्सएप नं. 7230086030 पर शिकायत की जा सकती है। उपभोक्ता हैल्पलाइन शिकायत दर्ज करने के साथ ही परामर्श सलाह एवं मार्गदर्शन का काम भी करती है।

# होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह 8 को



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर जिला देहात यादव महासभा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह स्थान श्री कृष्ण महिला छात्रावास चौमूं में प्रातः 10:15 बजे दिनांक 8 मार्च 2026 रविवार को किया जारहा हैं। नगर अध्यक्ष मनोहरपुर महेश जढ़वाल आसपास के गांव ढाणियों में जाकर लोगों को इस कार्यक्रम में जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसको लेकर आसपास के गांव ढाणियों में काफी उल्लास व उमंग है । इस अवसर पर रामचंद्र बॉडीगर, रामकुमार जढ़वाल, शिंभू दयाल खोसिया, महेश जड़वाल, कालूराम बीचवालीया, रामेश्वर यादव, कानाराम यादव आदि उपस्तिथ थे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में होगी गैर संचारी रोगों की प्रभावी स्क्रीनिंग

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के नागरिकों को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता के साथ उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा रेफरल सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा। साथ ही, डिजिटाइजेशन एवं ई—सेवाओं को प्राथमिकता के साथ बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने शनिवार को जयपुर जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करते हुए इस संबंध में आवश्यक दिशा—निर्देश दिए।



मुख्य सचिव ने शनिवार प्रात: जयपुर के मालवीय नगर स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बीलवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चाकसू के उप जिला अस्पताल एवं आजमनगर उप स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। संस्थानों में पंजीकरण, स्क्रीनिंग, जांच, उपचार, साफ—सफाई, स्टाफ एवं बैड सहित अन्य संसाधनों की उपलब्धता तथा उनके समुचित उपयोग को लेकर जानकारी ली। उन्होंने विगत समय में चिकित्सा संस्थानों के सघन निरीक्षण और नवाचरों से आए सुधारों को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नए भवनों के निर्माण, आधुनिक मशीनों की उपलब्धता तथा नवाचारों को प्रोत्साहन देने से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षानुरूप सुधार हो रहा है, इन सुधारों को और आगे बढ़ाने के लिए प्रो—एक्टिव एप्रोच और स्मार्ट तरीकों के साथ काम किया जाए।

# यूरिया डाईवर्जन पर कृषि विभाग की बडी कार्यवाही

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने शनिवार को सांगानेर के मुहाना मंडी क्षेत्र मे छापामारी कर अवैध यूरिया की भारी खेप जप्त की है। कृषि में काम आने वाले अनुदानित यूरिया का औद्योगिक उपयोग कर डीजल गाडियों मे उपयोंग करने के लिए डेफ (डीजल एक्जास्ट फ्लूड) बनाया जा रहा था। मुहाना गांव के हवालों की ढाणी मे 1हजार 104 अनुदानित यूरिया के कट्टे दिनेश पुत्र राधेश्याम शर्मा गांव मुहाना से जब्त कर ग्राम सेवा सहकारी समिति मुहाना को सुपुर्द किया गया है। कपूरावाला मे ABI पेट्रोसाइन कम्पनी से 50 यूरिया बैग जब्त कर ग्राम सेवा सहकारी समिति कपूरावाला को सुपुर्द किया गया है। कृषि विभाग की तीन अलग-अलग टीमों ने छापामारी कर यूरिया जब्ती एवं नमूना आहरण की कार्यवाही की है। मौके से HURL कंपनी के 1हजार 154 यूरिया के भरे हुए कट्टे एवं 821 खाली बैग जब्त किये गए। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल नें बताया की जब्त की गई यूरिया के प्रत्येक कट्टे की कीमत 2189.50 रूपए है जिस पर



1923 रूपए का सरकारी अनुदान है एवं किसानों को 266.50 रुपए में दिया जाता है। यह प्रकरण यूरिया डाईवर्जन का है जिसमें अनुदानित यूरिया का औद्योगिक उपयोग प्रतिबंधित है एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के सेक्शन 25 के तहत दंडनीय अपराध है। उद्योगों में उपयोग हेतु बिना अनुदान का तकनीकी ग्रेड यूरिया काम में लिया जा सकता है। कृषि मंत्री ने बताया कि अनुदानित यूरिया का डेफ, कलर पेंट, प्लाईवूड, पशु आहार आदि फैक्ट्रियों में दुरूपयोग रोकने हेतु राज्य स्तर पर शीघ्र ही सघन निरीक्षण अभियान चलाया जायेगा।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# UPSC 2025 में महुवा क्षेत्र की तीन प्रतिभाओं का कमाल: तन्वी बमनावत 156 वीं, अंकित जारवाल 205वीं और सानिध्या मीणा 480 वीं रैंक के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया

## -बेटी बनी IAS, दो युवाओं ने भी सिविल सेवा में पाई सफलता; क्षेत्र में खुशी की लहर, विधायक ने दी बधाई




**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में महवा विधानसभा क्षेत्र की तीन प्रतिभाओं ने शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। टिकरी जाफरान निवासी तन्वी बमनावत ने 156वीं रैंक, आंतरहेड़ा निवासी अंकित जारवाल ने 205वीं रैंक और गोयावास निवासी सानिध्या मीणा ने 480वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। महवा उपखंड क्षेत्र के आंतरहेड़ा गांव निवासी अंकित जारवाल ने यूपीएससी परीक्षा में 205वीं रैंक प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अंकित पहले प्रयास में ही आईआरएस के लिए चयनित हुए थे, जिसके बाद लगातार मेहनत और तैयारी जारी रखते हुए उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा में यह मुकाम हासिल किया। अंकित के पिता जगमोहन मीणा (अध्यापक) और माता ललिता मीणा (पोस्ट मास्टर) हैं। अंकित ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, गुरुओं के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत को दिया है। साथ ही उन्हें अपने मामा राहुल मीणा (IFoS अधिकारी) से भी प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला।

वहीं महवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टिकरी जाफरान की प्रतिभाशाली बेटी तन्वी बमनावत ने सिविल सेवा परीक्षा में 156वीं रैंक प्राप्त कर IAS बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तन्वी पहले प्रयास में IRS में चयनित हुई थीं, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत जारी रखते हुए अब सिविल सेवा परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। इसके अलावा ग्राम गोयावास निवासी सानिध्या मीणा ने भी यूपीएससी परीक्षा 2025 में 480वीं रैंक प्राप्त की है। सानिध्या ने एसटी वर्ग में तीसरी रैंक हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। सानिध्या के पिता ब्रजमोहन मीणा (पूर्व पीडब्ल्यूडी कर्मचारी) हैं। तीनों प्रतिभाओं की इस सफलता से महवा कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। विधायक राजेंद्र मीणा ने तीनों प्रतिभाओं और उनके परिवारजनों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता क्षेत्र के युवाओं और बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि महुवा क्षेत्र को इन प्रतिभाओं पर गर्व है और जल्द ही इन सभी को सम्मानित किया जाएगा।

# माहे रमजान में रोजा इफ्तार के वक्त की दुआ रद्द नहीं की जाती - मौलाना जमील अख्तर

**मोहम्मद अली पठान**





चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित उस्मानाबाद कॉलोनी में मस्जिद जामे-इनायत के इमाम मौलाना जमील अख्तर बीकानेरी ने माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि माहे रमजान में हमारे सरकार अहमदे मुख्तार सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया जब रमजान आता है। तो आसमान के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। एक रिवायत में आता है कि जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते है। एक रिवायत में है कि रहमत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। और जहनुम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। और शैतान को जंजीरों में बांध दिए जाते हैं। प्यारे नबी मुस्तफा करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि अल्लाह पाक माहे रमजान में हर दिन इफ्तार के वक़्त दस लाख गुनाह गारों को जहनुम से आजाद फरमाता है। जिन पर गुनाह हों की वजह से जहन्नम वाजिब हो चुका था। और जुमा की रात शुरू होने से लेकर जुमा का पूरा दिन सुरज डुबने तक हर सअत में दस लाख गुनाहगारों को जहन्नम से आज़ाद किया जाता है। जो जहन्नम के अजाब के मुस्तहिक हो चुके थे और जब रमजान शरीफ का आखरी दिन आता है तो पहले रमजान से अब तक जितने बख्शे गये हैं उसकी मिक़दार संख्या के बराबर उस आखरी एक दिन में बख्शे जाते हैं। रमजान बख्शिश के लिए आया है। हजरत मौला अली शेरे खुदा रदीअल्लाहु अनहु फरमाते हैं। अगर अल्लाह तआला को उम्मते मुहम्मदी सलल्लाहो अलैहि वसल्लम को अजाब देना मकसूद होता तो इस उम्मत को रमजान और सुरह कुलहु अल्लाहु अहद शरीफ ना अता फरमाता। एक रोजा छोड़ने का नुकसान हमारे प्यारे नबी सल्लालाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया जिस शख्स ने रमजान के एक दिन का रोजा बगैर रूखसत बगैर मरज के इफ्तार किया यानी छोड़ दिया तो ज़माने भर का रोजा का बदला नहीं हो सकता। अगर चाहे बाद में रख भी ले। बुखारी व इब्ने माजा शरीफ में आया है कि इफ्तार के वक्त की दुआ रद्द नहीं होती। हजरत अबदुाद्वाह बिन अमर बिन आस अल्लाहु अनहु से रिवायत है कि हमारे प्यारे नबी मुस्तफा करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया कि रोजा की दुआ इफ्तार के वक्त रद्द नहीं कि जाती। और हजरत अबू हुरेराह रदीअल्लाहो अनहु फरमाते हैं कि हमारे प्यारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम फरमाते हैं कि तीन शख्स की दुआ रद्द नहीं की जाती है । रोजा दार जिस वक्त इफ्तार करता है 2 आदिल बादशाह और 3 मजलूम की दुआ। उसको अल्लाह तअला आसमान से उपर बुलंद करता है। और उसके लिए आसान के दरवाजे खोल दिया जाता है। ? माहे रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नोवा पवित्र महीना है। जिसमें शहरी से लेकर । इफ्तार तक जितनी भी इबादत की जाती है वह अल्लाह कबूल फरमाता है। रात्रि को तरावी से लेकर सुबह शहरी के उठने तक रोज की नियत से सोना भी इबादत कहलाती है। माहे रमजान सभी महीनो से अफजल है और इबादत का महीना है।

# बाल विवाह रोकथाम के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में बाल विवाह रोकथाम के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव समीक्षा गौतम ने आयोजित शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय/राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 4 दिसंबर 2025 से बालविवाह मुक्त भारत के लिए 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह की व्यापकता, जोखिम वाले क्षेत्रों में बाल विवाह के पीड़ितों की पहचान कर बालविवाह की तत्काल रोकथाम करना और दीर्घकालिक सामुदायिक जागरूकता को मजबूत करना है। इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम "पोक्सो एक्ट" 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, बाल विवाह रोकथाम हेतु गठित आशा यूनिट, बाल विवाह की शिकायत के निवारण में विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं विधिक सेवा समितियों की भूमिका आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मातृ स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, प्रारम्भिक गर्भावस्था, बालश्रम के दुष्परिणामों, बालश्रम के मामले में सजा का प्रावधान, बालश्रम निषेध अधिनियम 1986, मानव तस्करी, नालसा (तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीडितों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के प्रावधानों आदि विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अक्षय राजावत एवं पैनल अधिवक्ता नंदकिशोर बैरवा द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं विधिक सेवा समितियों के माध्यम से प्राप्त निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता, न्याय आपके द्वारा लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान अभियान के माध्यम से जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान अधिकार मित्र धनराज मीणा, मोरसिंह गुर्जर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य गोपाल सिंह, संकाय सदस्य रामलाल बैरवा एवं डॉ. प्रेम सोनवाल आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस लाईन चूरू में सभागार कक्ष का किया गया उद्घाटन



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर जय यादव आईपीएस उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जिला चूरू के द्वारा सभागार कक्ष का उद्घाटन किया गया। पुलिस लाईन चूरू स्थित पुराने सभागार कक्ष की मरम्मत करवायी जाकर फर्निचर, डिजीटल बोर्ड, कॉनफेन्स माईक्रोफोन ईत्यादि उपकरण नये लगाये गये, जिससे भविष्य में होने वाली जिला स्तरीय मीटिंग अधिक सुगमता, व डिजिटलाईजेशन के साथ प्रभावी तरीके से आयोजित हो सकेगी। उद्घाटन के दौरान सुनिल कुमार आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू, सुनिल झाझडिया आरपीएस वृताधिकारी वृत चूरू, सुखराम चौटिया पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली चूरू, मुकुट बिहारी पुलिस निरीक्षक संचित निरीक्षक पुलिस लाईन चूरू व पुलिस लाईन चूरू के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कालिका टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय श्रीमती मोहनी देवी गौरीदत्त सिंगी सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की सदस्याओं के द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण व महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। एस पी जय यादव के निर्देशानुसार सीकाऊ कालिका टीम की सुपरविजन अधिकारी ए एस पी डॉ. कृष्णा सामरिया के नेतृत्व में पुलिस की कालिका टीम के हेड कांस्टेबल सरिता ने बताया कि छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नम्बर, बालिका हेल्पलाइन नंबर साइबर सुरक्षा नम्बर व राजकोप सिटीजन ऐप मोबाइल में सेव रखने चाहिए। सुरक्षा के नए नियमों की जानकारी दी गई। सरिता ने बताया कि अभी यह अभियान चल रहा है जिसके अंतर्गत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, विभिन्न विद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को महिला सुरक्षा की जानकारी दी जा रही है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है,जिसमें बालिकाओं को आत्मरक्षा का लाभ मिलेगा। महाविद्यालय की छात्राओं के लिए भी यह अभियान चल रहा है। कांस्टेबल कांता ने विस्तार से सभी जानकारी छात्राओं के समक्ष रखी। संस्था प्रधान सरिता शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं।

# महनसरिया ने पायलट का लाडनूं पहुंचने पर भव्य स्वागत किया




चूरू (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस के शीर्ष नेता युवाओं के मसीहा अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया ने लाडनूं में मुख्य मार्ग पर इंडियन ऑयल पंप पर सैकड़ो कांग्रेसियों के साथ अनेक गाड़ियों में चूरू से गए हुए कांग्रेसजन झंडा बैनर पोस्टर लगाए हुए थे । आप को 51 किलो की फूलमाला व साल साफा पहनाकर शानदार स्वागत किया स्वागत के अवसर पर सुनीता कपूरिया, शर्मिला भाकर, नरपत रोलन, मोहनलाल आर्य, सरवन बसेर, ओम बाकोलिया, कालूराम महर्षि, सलीम पीए, किसना राम बाबल, शीशराम कारेल, लक्ष्मण सिंह न्योल, इदरीश खा मलवाण, सिकंदर खान, सुमित तोदी, महेंद्र मेघवाल सहित उपस्थित सैकड़ो कांग्रेस जनो ने पायलट जिंदाबाद राजस्थान का नेता कैसा हो सचिन पायलट जैसा हो राजस्थान का मुख्यमंत्री कैसा हो सचिन पायलट जैसा हो के जोशीले गगन भेदी नारे लगाएं, पायलट लाडनू के युवा विधायक मुकेश भाकर की शादी में आए थे। पायलट के साथ बड़ी संख्या में विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री व पार्टी के पदाधिकारी साथ थे।

# गांधी ग्राम रामसरा में आठ मार्च को खिंपोली डे के रूप में मनायेंगे- प्रजापति



चुरु (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के निकट वृत्ति गांधी ग्राम रामसरा में हर खेत खेजड़ी तोर ई अभियान के संयोजक एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने बताया कि 8 मार्च को ग्राम रामसरा में खींपोली डे के रूप में सक्रिय कार्यकर्ता खेतों से खिंपोली संघरण कर मनायेंगे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में खींप को प्रसारिणी कहते हैं ये एक औषधि है साल में स्वस्थ व्यक्ति खींप से लगने वाली सब्जी खिंपोली की दस सब्जी उपभोग कर लेता है वो पुरे वर्ष निरोग रहता है खींपोली की सब्जी पाचक, कब्जनाशक, दर्द-निवारक ओर पोष्टिक होती है आजकल बाजार में तीनसों रूपए किलो विक्रय हो रही है। बैठक में वैध गोविंद प्रसाद वैध गोविंद प्रसाद शर्मा ने बताया कि खींप के पोधै की छडीयों को कुट कर पानी ओर सरसौं का तेल बराबर मात्रा में पक्का कर एक साथ बर्तन में डालकर उबाल कर पानी जलने के बाद छानकर इसकी तन पर मालिश करने पर दर्द निवारक का काम खींप करतीं हैं उन्होंने कहा कि ये निरोग रहने का औषधीय गुणों वाला पोधा है। बैठक में वैध गोविंद प्रसाद शर्मा, बुद्धा राम नायक ने बताया कि इसकी सुखेंडी बनाकर भी बारह मासी उपयोग किया जा सकता है कार्यक्रम में नागरमल प्रजापत, श्योचन्द जांगिड़, नवरत्न जांगीड़, गोपीराम रामदेवरा, सुधीर स्वामी, श्याम लाल बीमार, सुरेश इन्दोरिया, ठाकुर मल मेघवाल, प्रहलाद प्रजापत आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन कर आई सी अभिकर्ता राजेश शर्मा ने किया।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू कार्यालय का उद्घाटन जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने किया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर देर शाम को चूरू मुख्यालय स्थित गढ परिसर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू के कार्यालय का उद्घाटन अभिषेक सुराणा जिला कलेक्टर एवं पदेन प्रेसिडेंट इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के कर कमलो से फीता काटकर किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस के प्रेसिडेंट सुराणा ने रेड क्रॉस द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इसी क्रम में पूर्व सभापति रामगोपाल बहड़, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा ने जिला कलेक्टर को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज शर्मा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अहसान गोरी, डीपीएमओ संग्राम सिंह, डॉ. किशन सिंह उपस्थित रहे । तत्पश्चात रेड क्रॉस की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन प्रेसिडेंट अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में की गई सचिव रघुनंदन शर्मा ने समिति के क्रियाकलापों का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा पर चर्चा की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष बालकृष्ण बंसिया, छतर सिंह डागा, जगदीश सराफ, राजेश मंडावेवाला, राजकुमार भालेरीवाला, रामावतार शर्मा, सुनील रंजन टकणेत, रामेश्वर लाल पंवार, सत्यनारायण व्यास, प्रमोद शर्मा, बाबू पाटिल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सोसायटी के जगदीश शर्मा ने किया।

# महवा में गौ सम्मान आह्ववान अभियान को लेकर बैठक आयोजित

## -गौ माता के सम्मान के लिए गौ सम्मान आह्ववान अभियान से जुड़े – संत वैष्णवदास जी महाराज

**शफीक अली**



महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा उपखंड मुख्यालय के प्राचीन किले स्थित श्री कृष्ण गोपाल गौशाला के समीप स्थित किले वाली देवी माता के मंदिर पर राजस्थान में गौ सम्मान आह्वान अभियान अभियान के तहत 27 अप्रैल 2026 को भारत वर्ष के प्रत्येक तहसील पर सभी सनातनियों गौ भक्तों द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता बनाने व गौ माता को सम्मानजनक पद प्रदान करने के लिए देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति मुख्यमंत्री राज्यपाल के नाम ज्ञापन देने के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आयोजन की गई। बैठक में वृंदावन से पधारे गौ सम्मान आह्वान अभियान पर चर्चा करते हुए पूर्वी राजस्थान गौ प्रचारक पूज्य सन्त वैष्णवदास जी महाराज बृंदावनवालो ने कहा कि गौ माता में 33 कोटि देवता निवास करते हैं। देशी नस्ल की गौ माता, जो भारतीय संस्कृति व सनातन परम्परा का मूल आधार है उस गोवंश की घोर उपेक्षा होने से बड़ी संख्या में गौ वंश निराश्रित अवस्था में यत्र तत्र विचरण कर रहा है, प्रतिदिन अनेकों गौ वंश सड़को, राजमार्गों पर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है । भारत के आधे से अधिक प्रांतों में गौ वध की खुली छूट होने से नित्य हजारों गौ वंश का कत्लखानों में निर्दयता पूर्वक वध किया जा रहा है, नाम मात्र की गोशालएँ हैं जिनमें भी व्यवस्थाएं समुचित नहीं है । अतः अब केंद्र सरकार द्वारा समुचित क़ानूनी संरक्षण दिए जाने की नितांत आवश्यकता है। जो समूचे देश में एकरूपता से लागू हो ।

महापुरुषों और विशेषज्ञों का मत है कि गौ सेवा, गौ सुरक्षा और गौ सम्मान को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 2036 तक भारत गौ वंश रहित होकर विकृत हो जाएगा । जिसके फलस्वरूप हम सब का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। इस विषय पर गंभीर चिंतन करते हुए गौ माता के कष्ट की विकराल समस्या के समाधान हेतु संतों और गौ सेवकों की एक विशेष बैठक ६ माह पूर्व वृन्दावन धाम में हुई ,जिसमें पत्रक में वर्णित २ वर्ष के काल खण्ड की वृहद योजना द्वारा, संपूर्ण भारत वर्ष में गौ हत्या को प्रतिबंधित करने के लिए एवं गौ माता के सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए, गौ माता के नेतृत्व में अभियान भारत भर के संतों और गौ सेवकों द्वारा चलाया जा रहा है, जो पूर्णतया अहिंसक शांतिपूर्ण एवं अनुरोध के साथ रहेगा। यह अभियान किसी भी राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार के विरुद्ध नहीं है अपितु संविधान के दायरे में रहकर गौ माता के लिए वांछित, सेवा सुरक्षा व सम्मान के लिए है। अतः आप सभी गौ भक्त सनातनियों से आवाहन है कि 27 अप्रेल 2026 को भारतवर्ष की प्रत्येक तहसील पर गोमाता के सानिध्य में सभी सनातनी, गौ भक्त हज़ारों की संख्या में तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर संपूर्ण भारतवर्ष से गौ हत्या बंद करने के लिये एवं गौमाता जी को सम्मानजनक पद प्रदान करने के लिये माननीय प्रधानमंत्री, माननीय राष्ट्रपति, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र प्रदान करेंगे, जिला प्रचारक पूर्व एडीपीसी सुशील शर्मा ने कहा कि गौ माता के संरक्षण संवर्धन के साथ गौ माता को उचित सम्मान दिलाने के लिए इस अभियान में प्रत्येक सनातनी के साथ आमजन को भाग लेना चाहिए जिससे यह कार्यक्रम सफल हो और गौ माता और हम सब की आवाज सरकार तक पहुंचे

गौ पुत्र अवधेश अवस्थी ने कहा कि गौ सेवा मानव को बड़े भाग्य से मिलती है गौ माता जिनको पात्र समझती है उसी से अपनी सेवाएं देती है इसलिए गौ माता को उचित सम्मान दिलाने व गौ माता को राष्ट्र माता बनाने को लेकर हम सबको आगामी 27 अप्रैल 2026 को अपने-अपने जिला तहसील ब्लॉक स्तर पर तहसीलदार उपखंड अधिकारी कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर गौ माता को उचित सम्मान दिलाने का कार्य कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तन मन धन से सहयोग करना है ।

इस अवसर पर संत रामबालक दास जी महाराज किले वाली देवी मंदिर, एडवोकेट ओमप्रकाश अग्रवाल, डॉ. माधव खंडेलवाल, गौ पुत्र अवधेश अवस्थी, ओमप्रकाश पाराशर, नवनियुक्त महवा तहसील गौ प्रचारक गोलू, गोविंद सैनी, गौ प्रचारक जितेंद्र गुर्जर, जीतू बालाजी, नवल शर्मा सीत, मोहित सैनी, शिवराम गुर्जर, अनिल गुर्जर, सत्यनारायण सैनी, अंकित गुर्जर, श्रीमती जूली खंडेलवाल, कल्पना शर्मा, शालू खंडेलवाल सहित सैकड़ो गौ भक्त गौ प्रेमी सनातनीयो ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर तन मन धन से गौ सम्मान आह्वान अभियान में सहयोग करने का संकल्प लिया ।

# महवा के पाडली के पास पेट्रोल-डीजल से भरा टैंकर पलटा

## -बड़ा हादसा टला—हाईवे पर मची अफरा-तफरी, पुलिस ने राजमार्ग को किया वन-वे

**शफीक अली**



महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा उपखंड क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब पेट्रोल-डीजल से भरा एक टैंकर जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना महवा क्षेत्र के बालाहेड़ी के समीप ग्राम पाडली के पास हुई। टैंकर पलटने से कुछ समय के लिए राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर जयपुर की ओर से आ रहा था। इसी दौरान सड़क पर सामने एक जुगाड़ वाहन और एक महिला आ गई। उन्हें बचाने के प्रयास में चालक ने टैंकर को मोड़ने की कोशिश की, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और टैंकर अनियंत्रित होकर राजमार्ग के बीचो-बीच पलट गया। घटना के बाद हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पेट्रोल-डीजल से भरा टैंकर पलटने की सूचना से लोगों में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल भी बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बालाहेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया। किसी प्रकार की अनहोनी से बचाव के लिए पुलिस ने राजमार्ग को कुछ समय के लिए वन-वे कर दिया और वाहनों को सावधानीपूर्वक निकाला गया। पुलिसकर्मियों ने मौके पर मौजूद लोगों को भी टैंकर से दूरी बनाए रखने की हिदायत दी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की निगरानी में यातायात को धीरे-धीरे सुचारू किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ भी एकत्र हो गई और हाईवे पर देर तक जाम की स्थिति बनी रही।


# सूचना

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# विधायक मुकेश भाकर का विवाह बंधन व आशीर्वाद समारोह 9 मार्च को जयपुर में

## -लाडनूं में मायरा आदि रस्मों के साथ प्रीतिभोज और संगीत-नृत्य का कार्यक्रम आयोजित, उमड़ी प्रदेश की बड़ी-बड़ी हस्तियां

लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। लाडनूं विधायक मुकेश भाकर के करीबी सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुश्ताक खान कायमखानी ने बताया की अब तक कुंवारे चल रहे विधायक मुकेश भाकर अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान विवाह रचाने जा रहे हैं। उनका विवाह 9 मार्च को आरजेएस अधिकारी कोमल मीणा के साथ जयपुर में होने जा रहा है। उनका आशीर्वाद समारोह 9 मार्च को ही जयपुर में सीकर रोड पर स्थित राजावास में स्थित ईडन गार्डन के एंजल रिसोर्ट में आयोजित होगा। इसे लेकर लाडनूं में हाईवे स्थित विधायक निवास में 5 मार्च गुरुवार को उनके 'मायरा / चाक-भात' की रस्में सहित आम जनता के लिए विशाल प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। विवाह की पारंपरिक रस्मों में विधायक मुकेश भाकर की माताश्री को उनके भाइयों द्वारा चुनरी ओढ़ाकर भात-मायरा की रस्म अदा की गई। बाद में प्रीतिभोज और संगीत का दौर शुरू हुआ, जिसमें परिजनों, समर्थकों सहित शुभचिंतकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में उमड़े राजनीति हस्तियां और प्रशासनिक-पुलिस अधिकारी, मशहूर गायक सींगर ऐसा पहली बार देखा गया कि इस विवाह के लिए बड़ी संख्या में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने इसमें बढ़ चढ़कर शिरकत की और बड़ी संख्या में हजारों की तादाद में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। गुरुवार को विधायक निवास पर सुबह से लेकर देर रात्री तक चले इन रस्मो-रिवाज कार्यक्रमों और प्रीतिभोज कार्यक्रम में लोगों की भारी संख्या में आवाजाही बनी रही। बड़ी संख्या में राजनेतागण, पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट, पंजाब के सांसद अभय सिंह चोटाला, सांसद हनुमान बेनिवाल, सांसद अमराराम, परबतसर विधायक रामनिवास गावड़ियां, विधायक मनोज मेधवाल, विधायक पुसाराम गोदारा, मशहूर डांसर गायकी प्रांजल दहिया, मशहूर गायक मनक्रित ओलाख, कामेडीमैन बनवारीलाल सहित कार्यक्रम में प्रदेश के कई राजनीतिक व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी, छात्र नेता शुभम् रैवाड़ सहित कार्यक्रम में प्रदेश के कई प्रमुख और राजनीतिक व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम





में विभिन्न पार्षदों, सरपंचों आदि जन प्रतिनिधियों व डीडवाना कुचामन और चुरू जिले के पत्रकार बंधुओं, अधिवक्ता संघ लाडनूं डीडवाना कुचामन, सुजानगढ़, जैसलमेर नृत्य संगीत टीम के अलावा हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ दिन भर यहां उमड़ती रही। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खड़गावत, जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर सहित सरकारी अधिकारियों की भी अच्छी-खासी मौजूदगी रही। सभी ने सगाई और विवाह के लिए शुभकामनाएं प्रकट कीं। इसमें डीडवाना-कुचामन जिला के साथ नागौर जिले और चूरू जिले और उनसे बाहर के अधिकारी और नेता भी पहुंचे और समारोह में सम्मिलित हुए।

**करीब 1 लाख लोगों का रहा प्रीतिभोज कार्यक्रम:-**

सुबह 11 बजे से प्रीतिभोज कार्यक्रम शुरू किया गया, जो रात्रि 2 बजे तक लगातार एक जैसी भीड़ के साथ चलता रहा। भाकर परिवार के सुत्रो के अनुमान के अनुसार इस कार्यक्रम में राजनेताओं सहित करीब 1 लाख के लोगों ने शिरकत की।प्रीतिभोज के लिए जोधपुर से विशेष रूप से बुलाए गए पाक-कला विशेषज्ञ कारीगरों की टीम द्वारा स्वादिष्ट भोजन तैयार किया गया। इस अवसर पर विधायक निवास के अलावा पास की विशाल खुली जमीन पर भव्य व विशाल शामियाना लगाया जाकर समस्त आयोजन स्थल को लाइटिंग सहित अन्य समस्त प्रकार की आकर्षक सजावट से सजाया गया। लाडनूं विधायक मुकेश भाकर को मुबारकबाद एंव आशीर्वाद देने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा इफ्तारी व इशा की नमाज के बाद की सगाई की रस्म में शिरकत। मेहमानों के इस्तकबाल के लिए भाकर परिवार की और से विधायक के पिताश्री सुरजाराम जी भाकर, पंचायत समिति प्रधान हनुमानाराम कासनीया, नगर पालिका अध्यक्ष रावत खां, उपाध्यक्ष मुकेश खिंची, दिनेश गोदारा, राजेन्द्र भगारीया, धारासिंह, कैलाश निठारवाल, मो. मुश्ताक खान कायमखानी, एडवोकेट हरीश मेहरडा, एडवोकेट जयश्री डुकिया, कांग्रेस नेता लियाकत अली, दलित नेता कालूराम गेनाणा, एडवोकेट नबाब खां, एडवोकेट भोमराज नायक, सुजानगढ़ नगर परिषद सभापति निलोफर गोरी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जयराम बुरड़क, शहर कांग्रेस अध्यक्ष होशियार अली खान, इदरीस गोरी, शाहरुख फोजी, मोहम्मद मुनसब खां सहित अनेक कार्यकर्ता मेहमानों की खिदमत में उपस्थित नजर आए।

# सोनालीका ने फरवरी में अब तक की सर्वाधिक 12,890 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कृषि मशीनीकरण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के अपने 30वें ऐतिहासिक



वर्ष में, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने एक और सुनहरा अध्याय जोड़ते हुए वित्त वर्ष '26 में फरवरी माह की अब तक की सर्वाधिक 12,890 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि बड़े स्तर पर मज़बूत कार्या नीति और कंपनी के मूल विश्वास 'जीतने का दम' का प्रमाण है — जो किसानों के उज्ज्वल भविष्य की ताकत है। आज जब देश में आधुनिक कृषि तकनीक से उन्नत और किफायती कृषि रही है, सोनालीका इनोवेशन, किसानों से गहरा जुड़ाव और मज़बूत बाज़ार पहुंच के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। भारत का कृषि क्षेत्र इस समय एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, जहाँ सरकारी नीतियों का सहयोग, डिजिटल पहल के माध्यम से बढ़ता मशीनीकरण, आसान ऋण सुविधा और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश किसानों की आय और उत्पादकता को मज़बूत बना रहे हैं। सोनालीका ने हमेशा वैश्विक स्तर की इंजीनियरिंग को अपनाते हुए भविष्य के लिए तैयार ट्रैक्टर विकसित किए हैं, जैसे की हाल ही में लॉन्च की गई सोनालीका गोल्ड सीरीज़, जो ज़मीनी कृषि आवश्यकताओं के अनुरूप है और सोने की तरह सुरक्षित एवं दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करती है। इस नई उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, 'असली 'जीतने का दम' हमेशा उन किसानों में रहा है, जो हर दिन अपने खेतों में प्रगति बोते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसे हेवी ड्यूटी ट्रैक्टर तैयार करें जो किसानों के सपनों और उनकी सफलता के संकल्प को और मज़बूत बनाएं। 30वें वर्ष के फरवरी माह में 12,890 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री हमारे लिए बेहद खास है। यह उपलब्धि भारत के कृषि परिवर्तन में हमारी भूमिका को और मज़बूत करती है और हमें किसानों की प्रगति को देश की समृद्धि से जोड़ने की नई प्रेरणा देती है।'

# चांदी 6000 से ज्यादा महंगी हुई, सोना 1200 रुपये उछला, एमसीएक्स पर भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को सुबह-सुबह सोना और चांदी में तेजी आ गई। मल्टी कमोडिटी



एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना प्रति 10 ग्राम करीब 1,200 रुपये उछल गया। वहीं चांदी में 6,000 रुपये से ज्यादा की तेजी आई। यह तेजी मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के कारण सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से आई है। वहीं कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण भी सोने की कीमतों को समर्थन मिला। शुक्रवार सुबह 9:30 बजे अप्रैल डिलीवरी वाला सोना प्रति 10 ग्राम 1,207 रुपये की तेजी के साथ 1,60,880 रुपये पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी प्रति किलोग्राम 5,703 रुपये के उछाल के साथ 2,67,894 रुपये पर था। शुरुआत कुछ देर के कारोबार में ही सोना 1,60,710 रुपये तक और चांदी 2,67,123 रुपये तक गिर गई थी। इंटरनेशनल मार्केट में भी कीमती धातुओं में तेजी देखी गई। स्पॉट गोल्ड करीब 1त्न बढ़कर 5,124.73 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं स्पॉट सिल्वर 1.7त्न बढ़कर 83.57 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। हालांकि इस हफ्ते सोने में करीब 3त्न की गिरावट भी आई है, क्योंकि ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई की चिंता बनी हुई है। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सुरक्षित संपत्तियों की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही अमेरिकी डॉलर में भी गिरावट आई है। इस वजह से सोना और चांदी की कीमतों में तेजी आई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,30,416 रुपये प्रति 8 ग्राम और 22 कैरेट सोने का भाव 1,19,552 रुपये प्रति 8 ग्राम है।

# मुख्यमत्री भजनलाल शर्मा 8 मार्च को आएगे चूरू

## -पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर कार्यकर्ता करेगे भव्य स्वागत

चूरू (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चूरू आयेगे एवम् सैनिक प्रदर्शनी के कार्यक्रम में भाग लेगे। चूरू पहुचने पर सुबह 9:00 बजे पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर उनका ढोल ताशे बजाकर, पुष्प वर्षा कर शानदार स्वागत किया जायेगा। इस संदर्भ में आज पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में एक तैयारी बैठक हुई जिसमें जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओ से अपील की कि वे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वागत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित हो जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि चूरू अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भव्य स्वागत करने के लिए पलक पावड़े बिछाकर तैयार है उन्होने कहा सभी कार्यकर्ता 9:00 बजे पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचेगे एवम् वहां शेखावाटी की परम्परा के अनुसार प्रसिद्ध चंग मण्डलीयों के द्वारा चंग बजाकर पुष्प वर्षा कर पूर्व नेताप्रतिपक्ष



राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण के नेतृत्व में हम सब कार्यकर्ता भव्य स्वागत करेगे। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़ ने कहा कि हजारो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होकर अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री का स्वागत अभिन्नदन करने के लिए लालायित है। उन्होने कहा कि इस सदंर्भ में कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दे दी गई है और तैयारीयां प्रारंभ कर दी गई हैं। कार्यक्रम में एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया, नेताप्रतिपक्ष विमला गढ़वाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, मोहनलाल गढ़वाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, रचना कोठारी, रवि दाधीच, राजीव शर्मा, नीरज जांगिड़, रमेश शर्मा, संदीप पाटील, विजय शर्मा, महेश मिश्रा, ओम इंदौरिया, अशोक तंवर, अजय तंवर, श्रीराम पीपलवा, कपिल चंदेल, प्रकाष नायक, हरिष वर्मा, जयपालसिंह टकणेत, परमेष्वर तिवाड़ी, गणेष सैनी, मुलचन्द धूत, फरियाद खान किसन किरोड़ीवाल, आकाश सैनी, पवन चांवरिया, बंषी बाल्मिकी, विष्वनाथ जांगिड़, हनुमान माटोलिया, कैलास शर्मा, सीपी खत्री सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने किया।

# संभागीय आयुक्त विश्राम मीना ने ईएसएम रैली की तैयारियों का लिया जायजा

चूरू (रॉयल पत्रिका)। संभागीय आयुक्त विश्राम मीना शनिवार को चूरू पहुंचे और जिला खेल स्टेडियम में रविवार, 08 मार्च को आयोजित होने वाली ईएसएम रैली की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ स्टेडियम परिसर का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि रैली में आने वाले पूर्व सैनिकों एवं प्रतिभागियों के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने पंजीकरण व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा तथा यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि रैली को लेकर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बेतहरीन प्रशासनिक प्रबंधन, विभागीय कार्यों के संपादन और सैन्य अधिकारियों के समन्वय से समयबद्ध ढंग से सभी गतिविधियां आयोजित किए जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने संभागीय आयुक्त को रैली की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने पुलिस जवानों की तैनाती सहित सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी। इस अवसर पर एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी सुनील कुमार सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सचिन पायलट के स्वागत में सैकड़ो कार्यकरता महणसरिया के नेतृत्व में लाडनूं पहुंचे

चुरू (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का लाडनूं में स्वागत करने के लिए चुरू से नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया के नेतृत्व में दर्जनों गाड़ियों में सैकड़ो कार्यकर्ता रवाना हुए इस अवसर पर महन सरिया ने कहा कि पायलट का वहां पर 51 किलो की माला पहनाकर, व साफा शाल उड़ाकर स्वागत किया जाएगा इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख प्रतिनिधि मोहनलाल आर्य, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता कपूरिया, छात्र कांग्रेस



जिला अध्यक्ष नरपत रोलन, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सरवन बसेर, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष ओम बाकोलिया, कालूराम महर्षि, पूर्व पार्षद सलीम पी ए, जिला परिषद के पूर्व सदस्य किसना राम बाबल, शेषराम कारेंल, शर्मिला भाकर, लक्ष्मण सिंह न्योल, इदरीश खान मलावण सहित सैकड़ो कांग्रेसजन पूर्व सभापति महनसरिया के साथ पायलट का स्वागत करने के लिए रवाना हुए।

# मासूम अर्श खान ने रखा पहला रोजा

लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। रमजान के पाक मुक़द्दस पवित्र महीने में रूहानी फिजाओं में आस्था और सब्र की एक खुबसूरत तस्वीर उस वक्त देखने को मिला जब डीडवाना कुचामन जिले कि तहसील लाडनूं शहर के भुतपुर्व सैनिक स्व. अल्लादीन खान कायमखानी निवासी मदीना कालोनी शहरिया बास के पोते और सद्दाम खान कायमखानी के



मजह 6 वर्ष के नन्हे बच्चे अर्श खान ने रमजान पाक के पवित्र महीने का एहतराम करते हुए अपना पहला रोजा रखकर अल्लाह की बारगाह में इबादते की। इतनी कम उम्र में चिलचिलाती गर्मी और लंबे समय के रोजे के बावजूद सब्र परहेज और दिन-ए-इस्लाम के प्रति अपनी गहरी आस्था का यह खुबसूरत नमूना पेश किया।

# सुरक्षा सखी संवाद पखवाडा में थानाधिकारी पुलिस थाना सदर चूरू ने ग्राम डाबला में किया महिलाओं से सवांद

चूरू (रॉयल पत्रिका)। उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जिला चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक चूरू, सुनील कुमार आरपीएस, अति. पुलिस अधीक्षक एस.आई.यू.सी.ए.डब्ल्यू. चूरू, श्रीमती डॉ. कृष्णा सामरिया आरपीएस व वृताधिकारी वृत चूरू सुनील कुमार आरपीएस के सुपरवीजन में 01 मार्च से 15, मार्च 2026 तक चलाये जा रहे सुरक्षा सखी संवाद पखवाडा के तहत सुश्री स्वाती बुरी आर.पी.एस. (प्रो.) थानाधिकारी पुलिस थाना सदर चूरू द्वारा 07.मार्च 2026



को ग्राम डाबला में महिलाओं से सवांद स्थापित कर महिलाओं को आत्मरक्षा, साईबर फोड के सम्बन्ध में जानकारी दी व महिलाओं को अपने मोबाईल फोन में राजकॉप सीटीजन एप डाउन लॉड करवाये गये व महिला सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई व महिलाओं से समस्याए सुनी गई। इस दौरान थानाधिकारी के साथ सुरेन्द्र सिंह स.उ.नि., श्रीमती बिरमा पुलिस थाना सदर चूरू व अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# तौफीक रंगरेज दातार बने कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के माइनॉरिटी डिपार्टमेंट द्वारा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी माइनॉरिटी विभाग की सोशल मीडिया टीम का गठन किया गया है। इस टीम में पाली के तौफीक रंगरेज दातार को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए स्टेट कन्वीनर (प्रदेश संयोजक) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के चेयरमैन एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की स्वीकृति से की गई है। सोशल मीडिया



के नेशनल कोऑर्डिनेटर नजर अहमद फरीदी द्वारा जारी सूची के अनुसार राजस्थान की स्टेट टीम में विभिन्न जिलों से पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। तौफीक रंगरेज दातार को प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर पाली और आसपास के क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। नवनियुक्त प्रदेश संयोजक तौफीक रंगरेज दातार ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और सोशल मीडिया के जरिए कांग्रेस की विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# ए.डी.ई.ओ. ने जांची विद्यालय व्यवस्था

## -रा.उ.प्रा.वि. गुरु नगर का किया औचक निरीक्षण



पाली (रॉयल पत्रिका)। शिक्षा विभाग की ओर से वर्तमान समय मे चल रहे विद्यालय सम्बलन के तहत शनिवार को अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरु नगर का औचक निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक तेजसिंह पंवार ने निरीक्षण के दौरान कार्मिक उपस्थिति पंजिका, शिक्षण कार्य, प्रखर राजस्थान 20, पोषाहार व्यवस्था, कक्षा कक्ष की स्थिति पुस्तकालय वितरण, कार्यपुस्तिका, विद्यार्थियों में संवाद किया। उन्होने विद्यालय की समग्र शैक्षिक विधियों का गहन निरीक्षण एवं किया। आवश्यक मार्गदर्शन व संबंलन प्रदान करने के साथ शैक्षिक स्तर की जांच जिसे उन्होने सन्तोषजनक बताया। इस दौरान संस्था प्रधान मदनलाल, भागीरथ सिंह पुरोहित,सुखराम,रेखा राठौड़ उपस्थित रहे।

# "म्हारो पावन चित्तौड़" अभियान के तहत कुंभा नगर में विशेष सफाई अभियान आयोजित

## -यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा रहे उपस्थित, आमजन को कपड़े की थैलियां वितरित

चित्तौड़गढ़ (रॉयल पत्रिका)। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "म्हारो पावन चित्तौड़" विशेष सफाई अभियान का आयोजन शनिवार को कुंभा नगर स्थित वार्ड संख्या 15 में किया गया। अभियान में नगरीय विकास एवं आवासन (यूडीएच) मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भाग लिया। इस अवसर पर यूडीएच मंत्री खर्रा ने वार्डवासियों को कपड़े की थैलियां वितरित करते हुए आमजन से प्लास्टिक के उपयोग से बचने तथा स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण में आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। अभियान के अंतर्गत सड़कों, नालियों एवं डिवाइडरों की समुचित सफाई कर विभिन्न स्थानों से कचरा एकत्रित किया गया तथा उसका डंपिंग स्थलों पर निस्तारण किया गया। साथ ही खाली भूखंडों की सफाई कर आवश्यकतानुसार चारदीवारी निर्माण की कार्रवाई भी की जा



रही है। अभियान के दौरान सड़कों, नालियों एवं नालों की मरम्मत, फेरे कवर लगाना, दीवारों पर रंगाई-पुताई कर सौंदर्यीकरण, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करना तथा आवश्यकतानुसार नई स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कार्य भी किए गए। इसके अतिरिक्त असुरक्षित विद्त केबलों को सुरक्षित करने, ट्रांसफार्मरों की चारदीवारी करवाने, नाला-नालियों पर किए गए अतिक्रमण हटाने तथा वार्ड में स्थित पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई जैसे कार्य भी अभियान के तहत किए गए। अभियान के दौरान आमजन को कपड़े की थैलियां वितरित कर पॉलिथीन के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया गया तथा घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन, नगर परिषद आयुक्त रविंद्र मेघवाल (प्रशिक्षु आईएएस), अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचंद्र खटीक, सहित राजस्व, स्वच्छ भारत मिशन एवं विभिन्न शाखाओं के लगभग 70 से अधिक अधिकारी एवं कार्मिक अभियान में शामिल रहे।

कृति सेनन से 'बेहतर होने की जंग'

# यामी गौतम

## ऐसे पीआर हथकंडे नहीं अपनाती





सोशल मीडिया में इन दिनों 'बेस्ट एक्ट्रेस' अवॉर्ड को लेकर बहस तेज हो गई है। अभिनेत्री यामी गौतम और कृति सेनन के प्रशंसकों के बीच यह विवाद छिड़ गया है कि दोनों में से बेहतर अभिनेत्री कौन है। दिलचस्प बात यह है कि यह पूरा विवाद यामी गौतम द्वारा एक सोशल मीडिया पोस्ट को 'लाइक' करने के बाद शुरू हुआ। हालांकि, अब यामी गौतम ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा है कि उनका किसी भी अभिनेत्री को नीचा दिखाने का कोई इरादा नहीं था। यामी गौतम ने अपने 'लाइक' को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि एक सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें रोजाना कई पोस्ट में टैग किया जाता है और कई बार यह स्पष्ट नहीं होता कि पोस्ट किसके संदर्भ में है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'मुझे पता चला है कि मैंने एक ऐसी रील को 'लाइक' किया है, जिसे किसी अन्य कलाकार के प्रति अपमानजनक माना जा रहा है। यामी गौतम ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके पास कोई पीआर टीम नहीं है और उन्हें ऐसे 'घटिया पीआर हथकंडे' अपनाने नहीं आते। गौरतलब है कि कृति सेनन को फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला था। इसी पोस्ट को लाइक किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई और दोनों अभिनेत्रियों के प्रशंसक आपस में भिड़ गए। हालांकि, अब यामी गौतम ने अपने बयान के जरिए साफ कर दिया है कि यह सब अनजाने में हुआ और उनका किसी तरह का विवाद खड़ा करने का कोई इरादा नहीं था।

## अब मैं खुद से पूछती हूं कि मैं सच में कहां की हूं

# सेलिना जेटली



अभिनेत्री सेलिना जेटली ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपने जीवन के उतार-चढ़ाव, विदेश प्रवास और अपनी पहचान के संघर्ष पर दिल की बात कही। उन्होंने भारत वापसी की जानकारी देते हुए अपने मन के खालीफन और उदासी को व्यक्त किया। सेलिना ने लिखा कि जब कोई व्यक्ति विदेश में उतना लंबा समय व्यतीत कर लेता है, जितना उसने अपने बचपन में माता-पिता के साथ बिताया हो, तो वह अपनी जड़ों और पहचान को लेकर असमंजस में पड़ जाता है। उन्होंने ऑस्ट्रिया (आल्प्स) के प्राकृतिक सौंदर्य की तुलना अपने बचपन की यादों, यानी कुमाऊं के पहाड़ों और जंगलों से की। हालांकि, अभिनेत्री ने यह भी साझा किया कि वर्षों विदेश में रहने के बावजूद वहां उन्हें मात्र 'पीटर की भारतीय पत्नी' के रूप में ही पहचाना गया। उन्होंने लिखा, 'पीटर हाग से मेरी शादी के बाद ऑस्ट्रेलिया और फिर ऑस्ट्रिया में बसीं, लेकिन समय के साथ घर जैसा एहसास कम होता गया।

## दीया मिर्जा ने अनुभव सिन्हा की अस्सी की प्रशंसा की



अभिनेत्री दीया मिर्जा ने अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित फिल्म अस्सी की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह वहां जाते हैं जहां कोई और नहीं जात मिर्जा ने अस्सी को हमारे समय की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एकै बताया है। गत 20 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म अस्सी में कानी कुसरुति ने बलात्कार पीड़िता की भूमिका निभाई है जबकि तापसी पन्नू ने उनकी वकील का किरदार निभाया है। यह फिल्म दिल्ली की एक महिला की कहानी है जो हिंसक यौन हमले के बाद न्याय पाने के लिए संघर्ष करती है। इसमें पुलिस व न्यायिक कार्यवाही के दौरान आने वाली बाधाओं को दिखाया गया है। मिर्जा ने शुक्रवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा,"शुक्रिया, अनुभव सिन्हा। वहां जाने के लिए जहां कोई और नहीं जाता। वह कहने के लिए जो कोई और कहने की हि मत नहीं करता। मिर्जा ने लिखा, अस्सी हमारे समय की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। हर शब्द, हर ठहराव, हर ताल, एक अहसास पैदा करता है। हर एक प्रदर्शन शुद्ध सत्य है। अस्सी की टीम के प्रति बहुत आभार। फिल्म में मोह मद जीशान अयूब, कुमुद मिश्रा, रेवती, मनोज पाहवा, नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा पाहवा ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। पन्नू और सिन्हा ने इस फिल्म में तीसरी बार एक साथ काम किया है। इससे पहले दोनों ने मुल्क (2018) और 2020 में रिलीज हुई थप्पड़ में काम किया था। मिर्जा अगली बार सनी देओल के साथ इक्का में नजर आएंगी।

द वेट इज़ ओवर!

## धुरंधर द रिवेंज का ट्रेलर आज होगा रिलीज

कई दिनों से चल रही चर्चाओं और फैंस के बढ़ते उत्साह के बाद अब जियो स्टूडियोज़ और बी62 स्टूडियोज़ ने रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर द रिवेंज के ट्रेलर की रिलीज़ का ऐलान कर दिया है। फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि ट्रेलर कल सुबह 11:01 बजे रिलीज होगा, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक अंडरकवर एजेंट की इस कहानी में इस बार मामला पहले से ज्यादा निजी नजर आता है। रणवीर सिंह एक बार फिर दो अलग किरदारों में दिखाई देंगे, जस्किरत सिंह रंगी और हमज़ा अली मज़ारी। इससे




इस स्पाई-एक्शन कहानी में रोमांच और भी बढ़ जाता है। फिल्म के पहले भाग ने भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी शानदार कमाई की थी, खासकर नॉर्थ अमेरिका, कनाडा, यूके और ऑस्ट्रेलिया में। अब ट्रेड एक्सपर्ट्स और सिनेमाघर मालिकों को धुरंधर द रिवेंज से भी बड़ी उम्मीदें हैं और माना जा रहा है कि यह फिल्म एक बार फिर दुनियाभर में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। जियो स्टूडियोज़ प्रस्तुत और बी62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन में बनी आदित्य धर की यह फिल्म धुरंधर द रिवेंज हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ इन पांच भाषाओं में रिलीज होगी। यह स्पाई-एक्शन फिल्म आदित्य धर ने लिखी, निर्देशित और प्रोड्यूस की है, जबकि इसके निर्माता ज्योति देशपांडे और लोकेश धर हैं। एक अंडरकवर एजेंट की यह कहानी 19 मार्च 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म गुड़ी पड़वा और उगादी के मौके पर और ईद से पहले सिनेमाघरों में आएगी।

## द केरल स्टोरी 2

## गोज बियॉन्ड' के नए गाने को आदिति भाटिया ने किया प्रमोट, शेयर किया वीडियो



भारतीय टेलीविजन और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री आदिति भाटिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर अपनी नई फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' के नए गाने का एक वीडियो शेयर किया है। हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' के एक नए गाने का क्लिप शेयर करते हुए अदिति ने पोस्ट कैप्शन में लिखा, 'जब प्रेम भक्ति में बदल जाता है, तब राधा केवल एक नाम फुसफुसाती है - कान्हा।' उन्होंने लिखा, ''कान्हा' अब रिलीज हो चुकी है।' इसी के साथ अभिनेत्री ने फिल्म को प्रोमोट करते हुए आगे लिखा, 'अब सहेंगे नहीं, लड़ेंगे। केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों में जारी है।' वीडियो में एक्ट्रेस गुलाबी रंग के घाघरा-चोली में शानदार डांस करते नजर आ रही है। गाने में आदिती को आप भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में जमकर नृत्य करते देख सकते हैं। आदिति के फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है। पोस्ट पर कुछ ही घंटे में हजारों व्यूज और लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, फैंस कमेंट्स के माध्यम से वीडियो और अभिनेत्री पर अपना प्यार लगातार लुटा रहे हैं। आदिति भाटिया भारतीय हिंदी टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री का एक जाना-माना चेहरा हैं, जो अपनी खूबसूरती के साथ-साथ लाजवाब एक्टिंग के लिए जानी जाती है। अभिनेत्री ने स्टार प्लस के शो 'ये है मोहब्बतें' से फैंस के दिलों में असल पहचान बनाई, जिसमें उनके किरदार रूही को काफी पसंद किया गया। एक्ट्रेंस ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी और अब वह 'द केरल स्टोरी 2' जैसी फिल्मों में दमदार लीड रोल करते नजर आ रही हैं। इससे पहले अभिनेत्री कई हिंदी टेलीविजन सीरियल और रियलिटी शो में काम कर चुकी हैं और विभिन्न फिल्मों में अलग-अलग किरदार भी निभा चुकी हैं।भारतीय हिंदी भाषा की ड्रामा फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

## 'रीडिंग सेशन' से की तैयारी प्रतिभा रांटा ने बताया 'एक्यूज्ड' के किरदार में ढलने का पूरा प्रोसेस



ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इन दिनों ऐसी कहानियां ज्यादा पसंद की जा रही हैं, जो समाज के संवेदनशील मुद्दों को ईमानदारी से सामने लाती हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'एक्यूज्ड' भी ऐसी ही एक कहानी लेकर आई है, जिसने लोगों को सोचने पर मजबूर किया है। इस फिल्म में अभिनेत्री प्रतिभा रांटा के अभिनय को खास सराहना मिल रही है। अपने किरदार की जटिल मानसिक स्थिति को समझने और निभाने के लिए उन्होंने खास तैयारी की, जिसके बारे में उन्होंने एक इंटरव्यूह में खुलकर बात की। प्रतिभा रांटा ने बताया कि उनके लिए इस किरदार की तैयारी आसान नहीं थी। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले मैंने स्क्रिप्ट को कई बार पढ़ा। बार-बार पढ़ने से मुझे किरदार की सोच और भावनाएं बेहतर ढंग से समझ में आईं। जब तक कलाकार अपने किरदार को अंदर से नहीं समझता, तब तक उसका अभिनय अधूरा रहता है, इसलिए मैंने रीडिंग सेशन को अपनी तैयारी का अहम हिस्सा बनाया।'' प्रतिभा ने कहा, ''फिल्म की डायरेक्टर अनुभूति कश्यप और को-स्टार कोंकणा सेन शर्मा के साथ कई वर्कशॉप्स की। इनमें खास-खास सीन्स पर विस्तार से बात की गई। जब हम तीनों एक साथ बैठकर किसी सीन की बारीकियों पर चर्चा करते तो उस सीन को लेकर मन में उठने वाले सवाल क्लियर हो जाते थे। इससे यह समझने में मदद मिली कि कैमरे के सामने जाते समय मुझे किस मानसिक स्थिति में रहना है और सीन को किस दिशा में ले जाना है।''उन्होंने आगे कहा, ''शूटिंग के दौरान माहौल काफी सहज था।

## पवन कल्याण अभिनीत फिल्म उस्ताद भगत सिंह 19 मार्च को रिलीज होगी



पवन कल्याण अभिनीत फिल्म उस्ताद भगत सिंह 19 मार्च को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। फिल्म निर्माताओं ने इसके रिलीज की नई तिथि की घोषणा की है। हरीश शंकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स ने किया है और पहले यह 26 मार्च को रिलीज होनी थी। प्रोडक्शन बैनर ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से इसकी घोषणा की। उसने लिखा, हमारी उस्ताद अब निर्धारित समय से एक सप्ताह पहले रिलीज हो रही है, जिससे बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धूम मचेगी। उस्ताद भगत सिंह 19 मार्च को विश्व स्तर पर भव्य रिलीज होगी। इस फिल्म में कल्याण के साथ राशि खन्ना और श्रीलीला भी हैं तथा यह भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी और उसकी बेटी की कहानी है, जो दुश्मनों द्वारा उनके परिवार की हत्या किए जाने के बाद अपनी मौत का नाटक करते हैं। इस फिल्म के रिलीज के दौरान ही आदित्य धर की धुरंधर 2 सिनेमाघरों में आएगी।

(साभार एजेंसी)



# भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम

● टूर्नामेंट में 88 सिक्स भी लगाए, संजू ने कोहली की बराबरी की, यह रिकार्ड्स बने

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को हराकर चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली। टीम इंडिया 4 वर्ल्ड टी-20 फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से मात दी।

भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में इस बार 88 छक्के भी पूरे कर लिए। टीम ने एक एडिशन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी बना दिया। वहीं संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेलते हुए टी-20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय द्वारा सबसे बड़ी पारी खेलने के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली।

● **भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम-** भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। इससे पहले भारतीय टीम 2007, 2014 और 2024 में फाइनल खेल चुकी थी। पाकिस्तान, श्रीलंका और इंग्लैंड ने 3-3 फाइनल खेले हैं।2026 में फाइनल में पहुंचकर भारत ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टीम लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप (2024 और 2026) फाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी टीम भी बन गई। इससे पहले पाकिस्तान (2007, 2009) और श्रीलंका (2012, 2014) ही यह उपलब्धि हासिल कर सके थे। भारत आईसीसी व्हाइट बॉल टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगा। टीम 2023 में वनडे वर्ल्ड कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल भी खेल चुकी है।

● **एक टी-20 वर्ल्ड कप मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगे-** भारत और इंग्लैंड ने मिलकर 34 छक्के लगाए, दोनों ने टी-20 वर्ल्ड कप के एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रिकॉर्ड बना दिया। इस रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे का मैच है। दोनों टीमों ने मिलकर तब 31 सिक्स लगाए थे।मुंबई में खेले गए सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड के मैच में चौकों की भी बारिश हुई।

# खराब चेस फॉर्म पर बोले डी गुकेश

● कुछ दिन अकेले रहना चाहता था, ऑटोग्राफ न देने पर फैंस से माफी मांगी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्राग इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल 2026 के सातवें राउंड में भारत के वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश ने ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेला। गुकेश प्राग में अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने तीन मैच हारे और चार ड्रॉ खेले हैं। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन के लिए यह टूर्नामेंट काफी कठिन रहा है। डी. गुकेश ने ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेला।




### गुकेश ने फैंस से माफी मांगी

सातवें राउंड के बाद गुकेश ने फैंस से माफी मांगी और खराब प्रदर्शन को इसकी वजह बताया। मैच के बाद ग्रैंडमास्टर केटी त्सात्सालाशविली से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे रोज आने वाले फैंस की सराहना करते हैं, लेकिन कुछ दिनों वे अकेले रहना चाहते थे। उन्होंने कहा कि आमतौर पर वे मैच के बाद ऑटोग्राफ और फोटो देते हैं, लेकिन यहां उनका मूड ठीक नहीं रहा, इसके लिए वे माफी चाहते हैं। हालांकि फैंस का समर्थन उनके लिए बहुत मायने रखता है।

### माता-पिता बड़ा सहारा हैं

अपने फॉर्म पर गुकेश ने माना कि वे अच्छा नहीं खेल पाए और मिले मौकों का फायदा नहीं उठा सके। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए खराब टूर्नामेंट रहा। गुकेश ने बताया कि वे कोच ग्रजेगोरज गाजेव्स्की के साथ प्राग आए हैं और मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन के साथ काम जारी है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम और खासकर माता-पिता उनका बड़ा सहारा हैं।

# इब्राहिम जादरान अफगानिस्तान के नए टी-20 कप्तान बने

## राशिद खान की जगह लेंगे, श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का ऐलान

**तालिबान (एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने इब्राहिम जादरान को टी-20 इंटरनेशनल टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। जादरान स्टार स्पिनर राशिद खान की जगह ली है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी-20 और वनडे सीरीज के लिए गुरुवार को अपनी टीमें घोषित कर दीं। बोर्ड के मुताबिक, जादरान अब टी-20 फॉर्मेट में टीम की अगुआई करेंगे और उनकी कप्तानी का पहला असाइनमेंट श्रीलंका के खिलाफ सीरीज होगी।



### जादरान उपकप्तान भी रह चुके

राशिद खान लंबे समय से अफगानिस्तान की टी-20 टीम की कप्तानी कर रहे थे, लेकिन हाल ही में हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के प्रदर्शन के बाद कप्तानी में बदलाव किया गया है। जादरान हाल के सालों में अफगानिस्तान के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में रहे हैं और पहले टीम के उपकप्तान भी रह चुके हैं।

**13 मार्च से शुरू होगी सीरीज-** 13 मार्च को होने वाले पहले मैच से टी-20 मुकाबले से सीरीज की शुरुआत हो होगी। सीरीज का दूसरा और तीसरा टी-20 मैच15 और 17 मार्च को खेले जाएंगे। टी-20 सीरीज के तीनों मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले मुकाबले से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी।

# वो 5 खिलाड़ी जिनके चलते फाइनल में पहुंचा भारत

## दोनों पारी मिलाकर मैच में 499 रन बने, 34 छक्के लगे

**मुंबई (एजेंसी)।** 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड का जो टी20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मैच हुआ, उसे सालों साल याद रखा जाएगा। दोनों पारी मिलाकर मैच में 499 रन बने और 34 छक्के लगे। फैंस का जमकर मनोरंजन हुआ। वहीं 254 रन का टारगेट देने के बाद भी भारतीय टीम सिर्फ 7 रन से मुकाबला जीत पाई। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इंग्लैंड ने कितनी जबरदस्त बल्लेबाजी की। अब हम आपको बताने जा रहे हैं उन 5 भारतीय प्लेयर्स के बारे में, जो टीम इंडिया की इस जीत के हीरो रहे। अगर वे नहीं चलते तो मैच का रिजल्ट निश्चित रूप से कुछ और हो सकता था।






### हार्दिक पंड्या

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार्दिक पंड्या ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा योगदान दिया। पहले उन्होंने 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 12 गेंद में 27 रन बनाए। इसके बाद गेंदबाजी में फिल साल्ट और सैम करन का विकेट लिया।

### शिवम दुबे

मिडल ऑर्डर में आकर एक बार फिर शिवम दुबे ने तूफानी पारी भारत के लिए खेली। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 25 गेंद में 43 रन बनाए। दुबे की इस पारी में 1 चौका और 4 छक्के शामिल थे। उन्होंने बल्ले से अहम योगदान दिया।






### अक्षर पटेल

भारत के स्टार और अनुभवी ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने 2 कमाल के कैच लपके। उन्होंने हैरी ब्रूक का पीछे भागते हुए पहले गजब कैच लपका। फिर विल जैक्स का उन्होंने बाउंड्री पर शिवम दुबे के साथ मिलकर शानदार कैच लपका। हालांकि यह कैच शिवम दुबे के खाते में गया। इसके अलावा उन्होंने फिल साल्ट का भी कैच पकड़ा था। गेंदबाजी करते हुए भी अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया था।




### जसप्रीत बुमराह

जस्सी जैसा कोई नहीं... यह हमने एक नहीं दो नहीं बल्कि कई बार सुना है। इंग्लैंड के खिलाफ भी जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और भारत के लिए जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 33 रन देकर 1 विकेट लिया। बुमराह ने अपने आखिरी 2 ओवर में सिर्फ 14 रन दिए, जो मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।




### संजू सैमसन

वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टर फाइनल में जिस तरह से संजू ने कोलकाता में बल्लेबाजी की थी, कुछ उसी अंदाज में उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड की भी धुनाई की। संजू सैमसन ने 42 गेंद में 89 रन की गजब पारी खेली। सैमसन की पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उनको प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला था।

# नवजोत सिद्धू बोले- अक्षर तुमने दिल जीत लिया

● 24 कैरेट सोना बताया, बाउंड्री पर लिए कैच को कहा चमत्कार, कपिल देव-सूर्या के कैच याद किए

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर एवं राजनेता नवजोत सिंह सिद्धू ने भारत-इंग्लैंड के बीच हुए क्रिकेट मैच को लेकर कैचेस विन मैचेस टैग से वीडियो शेयर किया है। सिद्धू ने वीडियो के जरिए इंग्लैंड पर मिली भारत की जीत ने अक्षर पटेल के 2 कैच को टर्निंग पॉइंट बताया।

सिद्धू ने वीडियो के जरिए क्रिकेट की अपनी यादों को भी ताजा किया। सिद्धू ने कपिल देव की क्लिप जारी करते हुए कहा कि जिस तरह अक्षर ने पीछे मुड़कर दौड़ते हुए कैच पकड़ा, ठीक ऐसा ही कैच कपिल देव ने पकड़ा था। तब भी भारत ने मैच जीता था। सिद्धू ने कहा कि ये जरूरी नहीं है कि क्रिकेट में बल्लेबाज या बॉलर ही मैच जिताते हैं। क्रिकेट का इतिहास गवाह रहा है कि बहुत बार फील्डिंग के कारण टीमों को जीत मिली है।

# चंडीगढ़ में 22 साल की महिला हॉकी खिलाड़ी की हत्या, बुआ के बेटे निकले हत्यारे

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ के सेक्टर-38ए में एक 22 साल की उभरती हुई हॉकी प्लेयर तान्या की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। दुखद बात यह है कि इस वारदात का आरोप किसी बाहरी पर नहीं, बल्कि तान्या की अपनी ही बुआ के बेटों और परिवार के सदस्यों पर लगा है।

**छत के हक की जंग ने ले ली जान-** इस पूरी वारदात के पीछे घर के मालिकाना हक का पुराना विवाद बताया जा रहा है। तान्या के पिता रवि, जो पेशे से ऑटो चालक हैं, अपने परिवार के साथ नीचे रहते हैं, जबकि उनकी बहन का परिवार उसी मकान की पहली मंजिल पर रहता है। गुरुवार को घर के मालिकाना हक की बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई।

**बुआ के बेटों पर लगा हत्या का आरोप-** पिता रवि के मुताबिक, विवाद के दौरान जब तान्या पहली मंजिल पर पहुंची, तो वहां मौजूद कृष्णा, रवि, गंगन, अनिकेत, नवीन और टीना ने मिलकर उस पर हमला बोल दिया। इस झगड़े के बीच आरोपी कृष्णा ने तान्या की कमर पर चाकू से जोरदार वार किया। तान्या को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर चुकी तान्या एक होनहार स्टेट लेवल खिलाड़ी थी और खेल के प्रति उसका जुनून सबको प्रभावित करता था।

**मैदान की जगह अब श्मशान की तैयारी-** तान्या के लिए शुक्रवार का दिन बेहद खास होने वाला था क्योंकि उसे राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करना था।

# टी20 फ्रेंचाइजी खरीदेंगे द्रविड़ और अश्विन, रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**लंदन (एजेंसी)।** दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ और रविचंद्रन अश्विन उस भारतीय समूह का हिस्सा हैं जो यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में एक फ्रेंचाइजी खरीदने जा रहा है। बीबीसी स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार गर्मियों में होने वाले छह टीमों के टूर्नामेंट में ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए इस समूह ने एक समझौते पर सहमति जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीपीएल नीदरलैंड के रॉटरडैम स्थित अपनी फ्रेंचाइजी को भी दक्षिण अफ्रीका के निवेशकों के एक समूह को बेचने की तैयारी में है। इस समूह में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी फाफ डुप्लेसी, हेनरिक क्लासेन और जोंटी रोड्स भी शामिल हैं। संभावना है कि इस महीने के आखिर में एक कार्यक्रम में दोनों फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। एम्स्टर्डम, बेलफास्ट और एडिनबर्ग में स्थित ईटीपीएल फ्रेंचाइजी को जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के निवेशकों को बेच दिया गया था।



अभी यह पता नहीं चल पाया है कि अश्विन ईटीपीएल में खेलेंगे या नहीं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले लिया था। अब वह वैश्विक फ्रेंचाइजी लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, अश्विन की भागीदारी बेहद दिलचस्प है। इससे उनके ईटीपीएल में खेलने की संभावना बन गई है, जो आयोजकों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। अश्विन ने भारत के लिए 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और कुल 765 विकेट लिए। द्रविड़ पूर्व में स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े रहे हैं और माना जा रहा है कि यही कारण है कि उन्होंने ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने का फैसला किया।

# इटली की महिला हॉकी टीम एफआईएच विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए हैदराबाद पहुंची

**हैदराबाद (एजेंसी)।** इटली की राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर के लिए हैदराबाद, तेलंगाना पहुंच गयी है। आठ से 14 मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ देश मुकाबला करेंगे। इटली को पूल ए में रखा गया है। जहां उनका सामना इंग्लैंड, कोरिया और ऑस्ट्रिया से होगा।

यूरोपियन टीम पहले दो बार एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, पहली बार 1976 में और हाल ही में 2018 में, जहां उन्होंने नौवें स्थान पर रहकर अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। इटली अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद नौ और 11 मार्च को ऑस्ट्रिया और कोरिया के खिलाफ मैच होंगे।

इस अवसर पर इटली की महिला हॉकी टीम की कप्तान, सारा पुग्लिसी ने कहा, हम टीम के साथ अच्छी तैयारी के बाद अभी हैदराबाद पहुंचे हैं। हम एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफ़ाई मुकाबालों के लिए तैयार हैं।

# क्या अभिषेक शर्मा को मिलेगा फाइनल में मौका या होंगे प्लेइंग इलेवन से बाहर?

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अभिषेक शर्मा की खराब फार्म को लेकर जताई जा रही चिंता अब खुलकर आलोचना में बदल गई है, लेकिन इसके बावजूद पूरी संभावना है कि वह टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल में प्लेइंग इलेवन बने रहेंगे क्योंकि भारत जीत हासिल करने वाली अपनी टीम में बदलाव नहीं करना चाहता है। इस टूर्नामेंट में भारत के दो सलामी बल्लेबाजों की किस्मत एकदम से विपरीत रही।

जब प्रतियोगिता शुरू हुई तो अभिषेक को शीर्ष क्रम में मजबूत आधार माना जा रहा था जबकि संजू सैमसन के स्थान को लेकर सवाल बने हुए थे और कहा जा रहा था कि यह प्रतियोगिता उनके करियर के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर 8 के करो या मरो वाले मुकाबले ने परिस्थितियों में काफी बदलाव कर दिया है। सैमसन ने पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे अब सभी का ध्यान अभिषेक की फॉर्म पर केंद्रित हो गया है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पूरे टूर्नामेंट में लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। अपने पिछले छह मैचों में उन्होंने क्रमशः 0, 0, 0, 15, 10 और 9 रन बनाए हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक को छोड़कर अभिषेक का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन फाइनल मुकाबले के लिए शीर्ष क्रम में कोई बदलाव नहीं करना चाहता है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद अभिषेक के सलामी जोड़ीदार सैमसन ने कहा, हम अपने सभी खिलाड़ियों का ध्यान रख रहे हैं। जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) भाई और सूर्या




(कप्तान सूर्यकुमार यादव) को अभिषेक पर पूरा भरोसा है।

मुंबई में पहले लीग मैच के बाद अभिषेक के पेट में संक्रमण हो गया था जिसके लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। इससे उनका वजन कम हो गया और प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण चरण के दौरान उनकी लय बिगड़ गई। यही नहीं विरोधी टीमों ने उसे शांत रखने का स्पष्ट तरीका ढूंढ लिया है। कप्तानों ने बार-बार उनके खिलाफ शुरुआती ओवरों में धीमी गति के गेंदबाजों का इस्तेमाल किया है, विशेषकर ऑफ स्पिनरों और बाएं हाथ के स्पिनरों का। इससे उन्हें पारी की शुरुआत में वह गति नहीं मिल पाती जिसके साथ वे खेलना पसंद करते हैं। इस कारण वह जल्द ही पवेलियन लौटते रहे हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ पावरप्ले में उन्होंने ऑफ स्पिनर पर आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में गेंद को हवा में लहरा दिया। नीदरलैंड के खिलाफ ऑफ स्पिनर ने उन्हें कोण लेती गेंद पर आउट किया। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भी धीमी गेंद पर शॉट खेलने की कोशिश में वह फिर से जल्दबाजी कर बैठे और मनचाहा शॉट नहीं लगा पाए। एक और तकनीकी पहलू उनके बल्ले के डाउनस्विंग की गति है। जब गेंद तेजी ये आती है तो तेज डाउनस्विंग के कारण उन्हें धीमी गेंदों से तालमेल बिठाने में मुश्किल हो सकती है।

भारत के पास रिंकू सिंह को टीम में शामिल करने का विकल्प है लेकिन इससे बल्लेबाजी संयोजन पर असर पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में रिंकू को सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ सकती है और तब वह अच्छा प्रभाव छोड़ पाएंगे इसकी संभावना कम है। फिलहाल भारतीय टीम प्रबंधन उस भी संयोजन को बरकरार रखने के लिए तैयार दिख रहा है जिसने उसे फाइनल में पहुंचाया।

# ईरान के अगले सर्वोच्च नेता की चयन प्रक्रिया में अमेरिका को शामिल किया जाना चाहिए : ट्रंप

» दुबई, भाषा।

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के अगले सर्वोच्चा नेता के चयन की प्रक्रिया में उन्हें शामिल किया जाना चाहिए। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले लगातार जारी हैं तथा इन हमलों के जवाब में ईरान ने भी क्षेत्र में इजराइल एवं अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रखे हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान पर हमलों में मारे गए अयातुल्ला अली खामेनेई के स्थान पर उनके बेटे मोजतबा खामेनेई का सर्वोच्च नेता के तौर पर चयन अस्वीकार्य होगा। अमेरिकी समाचार वेबसाइट एक्सियोस से बातचीत के दौरान की गई ट्रंप की यह टिप्पणी सवाल खड़ा करती है कि क्या अमेरिका और इजराइल ईरान के इस्लामी गणराज्य को उखाड़ फेंकना चाहते हैं या केवल उसकी नीतियों में बदलाव चाहते हैं। यह संघर्ष अनिश्चितकाल के लिए लंबा खिंचता नजर आ रहा है।**

इस युद्ध का असर पश्चिम एशिया तथा उससे बाहर के 14 देशों पर पड़ा है। अजरबैजान ने ईरान पर ड्रोन हमले करने का बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था जिसे तेहरान ने खारिज कर दिया। ईरान ने बृहस्पतिवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नए सिरे से हमले किए



और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमले से डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान समर्थक हिजबुल्ला लड़ाकों के साथ संघर्ष बढ़ने के बीच इजराइल ने चेतावनी जारी कर बेरूत के दक्षिणी उपनगरों के लिए बड़े पैमाने पर निकासी का परामर्श जारी किया। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों ने इजराइली सैनिकों की और टुकड़ियों के सीमा पार जाने के बीच दक्षिणी लेबनान में जमीनी लड़ाई की सूचना दी।

## ट्रंप ने आलोचनाओं के बाद गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम को पद से हटाया



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आलोचनाओं के बीच बृहस्पतिवार को गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम को पद से हटा दिया। नोएम की मंत्रालय के नेतृत्व, विशेष रूप से आव्रजन कार्रवाई और आपदा प्रबंधन से जुड़े मामलों को संभालने को लेकर लगातार आलोचना हो रही थी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा करते हुए कहा कि वह नोएम की जगह मार्कवायने मुलिन को नामित करेंगे, जो ओक्लाहोमा से रिपब्लिकन सीनेटर हैं। यह घोषणा उस समय हुई जब दो दिन पहले कैपिटल हिल में कांग्रेस की सुनवाई के दौरान नोएम को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के सांसदों के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा था। ट्रंप ने यह भी कहा कि नोएम को द शील्ड ऑफ द अमेरिकाज की विशेष दूत नामक एक नई सुरक्षा पहल का दायित्व दिया जाएगा, जिसका ध्यान पश्चिमी गोलार्ध की सुरक्षा पर केंद्रित होगा। द शील्ड ऑफ द अमेरिकाज ट्रंप प्रशासन द्वारा प्रस्तावित एक नई सुरक्षा पहल है, जिसका उद्देश्य पश्चिमी गोलार्ध (यानी उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका) के देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना है। घोषणा के कुछ ही देर बाद नोएम टेनेसी के नैशविल में एक कानून प्रवर्तन कार्यक्रम को संबोधित करने मंच पर पहुंचीं, लेकिन उन्होंने अपने पद से हटाए जाने का कोई उल्लेख नहीं किया। उन्होंने पहले से तैयार भाषण पढ़ते हुए पिछले महीने ट्रंप के स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन के संदेश को दोहराया। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में पद छोड़ने वाली वह पहली कैबिनेट मंत्री बनी हैं। उनका कार्यकाल काफी विवादों से घिरा रहा, खासकर आव्रजन नीति को सख्ती से लागू करने को लेकर, जिस पर विरोध प्रदर्शन और मुकदमे भी हुए। कांग्रेस में इस सप्ताह हुई सुनवाई के बाद उनका पद पर बने रहना मुश्किल माना जाने लगा था। एक प्रमुख विवाद 22 करोड़ डॉलर के विज्ञापन अभियान को लेकर था, जिसमें अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे लोगों को स्वेच्छा से देश छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।

### पूर्व सऊदी खुफिया प्रमुख प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने कहा, यह नेतन्याहू का युद्ध

# ईरान के हमलों के बारे में पहले से सूचना न दिए जाने से कुछ खाड़ी देश निराश: सूत्र

» काहिरा, भाषा।

**फारस की खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी इस बात से नाखुश हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने से पहले उन्हें सूचित नहीं किया और उन्हें ईरान के जवाबी हमलों का मुकाबला करने के लिए पर्याप्त समय और मदद नहीं दी गई। अमेरिका और इजराइल द्वारा संयुक्त रूप से किए गए हमलों के बाद ईरान ने कई खाड़ी देशों में ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। दो खाड़ी देशों के अधिकारियों ने कहा कि उनकी सरकारें युद्ध को लेकर अमेरिका के रवैए से निराश हैं, खासकर पिछले शनिवार को ईरान पर किए गए शुरुआती हमले के तरीके को लेकर वे नाखुश हैं।**

उन्होंने कहा कि उनके देशों को अमेरिका-इजराइल के हमले की पहले से सूचना नहीं दी गई। उन्होंने शिकायत की कि अमेरिका ने उनकी इन चेतावनियों को नजरअंदाज किया कि इस युद्ध के नतीजे पूरे क्षेत्र के लिए विनाशकारी होंगे। एक अधिकारी ने कहा कि खाड़ी देश इस बात से निराश और यहां तक कि नाराज भी हैं कि अमेरिकी सेना ने उनकी पर्याप्त रक्षा नहीं की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यह धारणा है कि यह अभियान इजराइल और अमेरिकी सैनिकों की रक्षा पर केंद्रित रहा, जबकि खाड़ी देशों को अपनी सुरक्षा खुद करने के लिए छोड़ दिया गया।



उन्होंने कहा कि उनके देश में ड्रोन और मिसाइल को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले रोकने वाले अवरोधकों का भंडार तेजी से खत्म हो रहा है। खाड़ी देशों के इन अधिकारियों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की सरकारों ने इस मामले में टिप्पणी के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने कहा, ईरान के जवाबी बैलिस्टिक मिसाइल हमले 90 प्रतिशत तक कम हो गए हैं क्योंकि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी उसकी इन हथियारों को दागने या और अधिक हथियार बनाने की क्षमता को कुचल रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप हमारे सभी क्षेत्रीय साझेदारों के निकट संपर्क में हैं और आतंकवादी ईरानी शासन के अपने पड़ोसियों पर हमले इस बात को साबित करते हैं कि हमारे देश और हमारे सहयोगियों के खिलाफ इस खतरे को खत्म करना राष्ट्रपति ट्रंप के लिए कितना जरूरी था। इस मामले में अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने कोई टिप्पणी नहीं की। इस संबंध में खाड़ी के अरब देशों की आधिकारिक प्रतिक्रियाएं धीमी रही हैं, लेकिन उनकी सरकारों से करीबी संबंध रखने वाली सार्वजनिक हस्तियों ने अमेरिका की खुलकर आलोचना की है और उनका कहना है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक अनावश्यक युद्ध में धकेल दिया। पूर्व सऊदी खुफिया प्रमुख प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने बुधवार को सीएनएन से कहा, यह नेतन्याहू का युद्ध है। उन्होंने कहा, उन्होंने राष्ट्रपति (ट्रंप) को अपने विचारों का समर्थन करने के लिए किसी तरह राजी कर लिया। ईरान ने खुद पर हमले के बाद खाड़ी देशों में हमले किए हैं। देश ईरान की कम दूरी की मिसाइलों की मारक क्षमता के भीतर हैं। इनके कारण दुनिया में तेल की आपूर्ति का प्रवाह बाधित हो रहा है। आधिकारिक बयानों के आधार पर एपी (एसोसिएटेड प्रेस) के आकलन के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने पांच खाड़ी देशों को निशाना बनाकर कम से कम 380 मिसाइल और 1,480 से अधिक ड्रोन दागे हैं और इन देशों में कम से कम 13 लोग मारे गए हैं।

# इजराइल का दावा | 50 लड़ाकू विमानों ने तबाह किया था खामेनेई का भूमिगत बंकर

*इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसके 50 लड़ाकू विमानों ने अयातुल्ला अली खामेनेई के भूमिकत बंकर को तबाह दिया है। यह भूमिगत बंकर तेहरान की सड़कों के नीचे बनाया गया था। उधर, आईडीएफ ने ईरान के कोम में लोगों को इलाके को खाली करने को कहा है। वहीं, ईरान ने दावा किया है कि उसके एक और स्कूल पर हमला किया गया है।*

***सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा करने में कोई हिचकिचाहट नहीं : ईरान***



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल सेना ने दावा किया है कि उसके 50 लड़ाकू विमानों ने तेहरान में उस भूमिगत बंकर पर हमला किया है, जिसे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए बनाया गया था। इजरायल ने एक बयान में दावा किया कि यह परिसर मध्य तेहरान की सड़कों के नीचे पूरी तरह फैला हुआ था और इसमें बैठक कक्ष भी शामिल थे। बयान में यह भी कहा गया कि खामेनेई की हत्या के बाद भी वरिष्ठ अधिकारी इस सुविधा का इस्तेमाल करते रहे।

वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका और इजरायल के झगड़े में कुछ देशों ने बीच-बचाव की कोशिश शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले अपने हफ्ते सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को खो दिया। शायद कुछ लोगों ने हमें कम आंक लिया है। हम अपने देश के सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाएंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान के साथ किसी भी तरह का समझौता तभी होगा, जब वह बिना शर्त आत्मसमर्पण करेगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद ईरान में एक 'बेहतरीन और स्वीकार्य नेतृत्व' चुना जाएगा। इसके बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देश मिलकर ईरान को तबाही के कगार से वापस लाने के लिए काम करेंगे।

तेहरान सड़कों के नीचे फैला हुआ था बंकर

सोशल मीडिया पर हमले का वीडियो जारी



ईरान ने अजरबैजान के नखचिवान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला किया

### ईरान में गृहयुद्ध का खतरा, खाड़ी देशों ने जताई चिंता

*पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच खाड़ी देशों ने ईरान में संभावित गृहयुद्ध को लेकर चिंता जताई है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि क्षेत्र के कई देशों ने यूरोपीय अधिकारियों से बातचीत में ईरान के भीतर अस्थिरता और गृहयुद्ध की आशंका व्यक्त की है। उनके अनुसार ईरान के नेतृत्व और वहां की मौजूदा स्थिति को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। इस बैठक में ईरान और व्यापक पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की जा रही है। समुद्री सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बरकरार क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता बनी हुई है। उन्होंने बताया कि यूरोपीय संघ खास तौर पर इस बात को लेकर चिंतित है कि महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग सुरक्षित बने रहें।*

### ईरान लंबे युद्ध के लिए तैयार: नैनी



इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक प्रवक्ता ने कहा कि ईरान लंबे युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है और ऐसे एडवांस्ड हथियार लाने वाला है जिनका अभी तक इस लड़ाई में इस्तेमाल नहीं हुआ है। एक बयान में ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान के दुश्मनों को आने वाले हमलों की नई लहर में दर्दनाक वार की उम्मीद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई कोशिशें और हथियार आने वाले हैं। इन टेक्नोलॉजी का अभी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है।

### भारत ने दी खामेनेई को श्रद्धांजलि



नई दिल्ली में ईरानी दूतावास में गुरुवार को एक विशेष शोक पुस्तिका रखी गई, जिसमें भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने हस्ताक्षर कर ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई। विदेश सचिव ने इस मौके पर ईरान के उपविदेश मंत्री सईद खतीबजादेह से भी मुलाकात की। खतीबजादेह भी शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर करने के लिए दूतावास पहुंचे थे। हालांकि भारत ने अब तक खामेनेई की मौत पर सीधे कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी थी। ऐसे में विदेश सचिव का दूतावास जाकर शोक व्यक्त करना उनकी मौत की भारत की पहली आधिकारिक स्वीकारोक्ति माना जा रहा है।

### अमेरिका ने ईरान के 30 जहाजों को डुबोया




एक शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने एडमिरल ब्रैड कूपर कहा कि अमेरिका ने युद्ध के दौरान 30 से अधिक ईरानी जहाजों को डुबो दिया है, जबकि तेहरान की सेनाओं द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों में काफी कमी आई है। कूपन ने बताया कि 30 से अधिक जहाज डुबो दिए हैं, और पिछले कुछ घंटों में ही हमने एक ईरानी ड्रोन वाहक पोत को निशाना बनाया है, जिसका आकार लगभग द्वितीय विश्व युद्ध के विमानवाहक पोत के बराबर है।

### इजराइल का दक्षिणी बेरूत में कई जगह हमला

इजराइल सेना का दावा है कि उसने दक्षिणी बेरूत के धाहियेह इलाके में 26 राउंड हमले किए हैं। सेना ने बताया कि उसने हिज्बुल्ला के इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया है, जिसमें समूह की कार्यकारी परिषद का मुख्यालय और ड्रोन वाला एक वेयरहाउस शामिल है। वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सोमवार से बेरूत समेत लेबनान पर हुए हमलों में कुल 123 लोग मारे गए हैं और 683 घायल हुए हैं।

### स्कूल पर हमले की जांच हो: यूएन



अमेरिका का तेहरान पर हमला जारी

*28 फरवरी से शुरू हुई जंग का आत सातवां दिन है। ऐसे में रोजाना मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। ईरानी रेड क्रिसेंट की रिपोर्ट के अनुसार अब तक अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान में कम से कम 1,332 लोग मारे गए हैं। वहीं, लेबनान में 100 से ज्यादा और इजराइल में करीब एक दर्जन लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की। इस हमले में 175 लोगों की मौत हो गई थी। तुर्क ने जिनेवा में कहा कि अमेरिका ने इस हमले की जांच की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि यह जांच जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। इसके साथ ही हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मिनाब में हुए इस हमले की जांच कर रहा है।*

### ईरान ने स्कूल पर किया हमला: अजरबैजान



अजरबैजान के जुफिया शहर में ईरान के हमले से क्षतिग्रस्त स्कूल

दक्षिण काकेशस क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। अजरबैजान ने आरोप लगाया है कि ईरान के ड्रोन ने उसके नखचिवान क्षेत्र में हमला किया, जिससे एक एयरपोर्ट की इमारत को नुकसान हुआ और चार लोग घायल हो गए। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने इसे आतंक और आक्रामकता बताया और कहा कि सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रहने का आदेश दिया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जुफिया में एक स्कूल पर ईरान ने हमला किया है। हालांकि ईरान ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि उसने अजरबैजान की ओर कोई ड्रोन नहीं भेजा।

### सऊदी अरब और जॉर्डन ने ईरानी ड्रोन मार गिराए

सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रियाद के पूर्व में ईरान के तीन ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। वहीं, जॉर्डन के इरबिद शहर में हवाई रक्षा बलों ने कई ड्रोन मार गिराए हैं। बहरीन की राजधानी मनामा पर रात भर हुए हमलों में शहर के फाइनेंशियल हार्बर टावर्स वाणिज्यिक परिसर को निशाना बनाया गया। परिसर पर हमला इसलिए किया गया क्योंकि शहर में इजराइली दूतावास वहीं स्थित था। परिसर के आसपास एक ईरानी ड्रोन को रोका गया और नष्ट कर दिया गया।

### ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल

ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है।

### अमेरिका के पास 20 दिन का तेल!



ईरान से युद्ध के बीच अमेरिका में भी हाहाकार मची हुई है। ट्रंप की एक गलती से अमेरिका का तेल का भंडार तेजी से खाली हो रहा है। अमेरिका का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व 1974 में बनाया गया था। इसका मकसद किसी भी बड़े युद्ध या संकट के समय देश में तेल की सप्लाई को बनाए रखना था। हालिया रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका का यह रिजर्व अपनी कुल क्षमता 71.4 करोड़ बैरल के मुकाबले सिर्फ 41.5 करोड़ बैरल पर सिमट गया है। यह स्टॉक अमेरिका की जरूरतों के हिसाब से सिर्फ 20 दिनों के लिए ही काफी है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी के मुताबिक, इस खाली पड़े खजाने को फिर से भरने के लिए करीब 20 बिलियन डॉलर यानी भारी-भरकम रकम की जरूरत है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com